दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



अमन लेखनी



ऐसे भरोगे सफलता की उड़ान

क्या है सूरज का वास्तविक रंग

वर्ष : 12 अंक : 322 लखनऊ, 21 नवम्बर ,शनिवार 2026 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

खबर संक्षेप

डीआरआई ने 71 किलो हेरोइन की खेप जब्त की

चेन्नई। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने समुद्री तटीय मार्ग से श्रीलंका में तस्करी के लिए ले जाई जा रही 71 किलो से अधिक हेरोइन की खेप जब्त की है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि चेन्नई में 17 और 18 नवंबर को चलाए गए अभियान के दौरान यह जब्ती की गई है। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।



तट पर फंसा जहाज, 19 सदस्यों को बचाया

पेरिस। दक्षिण-पश्चिमी फ्रांस के लैंडेस क्षेत्र के तट पर माल्टा के झंडे वाला एक मालवाहक जहाज फंस गया। इसके बाद राहत और बचाव अभियान चलाकर हेलीकॉप्टर की मदद से जहाज पर मौजूद 19 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, जहाज को संभालने में मदद के लिए तीन क्रू सदस्य अब भी उस पर मौजूद हैं।



हूती विद्रोहियों का रियाद में टावर पर हमला

रियाद। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में एक टावर पर हुए ड्रोन हमले की जिम्मेदारी हुती विद्रोहियों ने ली है। हमले में इमारत को नुकसान पहुंचा है, हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सऊदी के नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने बताया है कि हमले में किंग अब्दुल्ला वितीय जिले की एक इमारत को नुकसान पहुंचा है।



प्रो. मांडे यूएन विशेषज्ञों के समूह में नियुक्त

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष प्रोफेसर शेखर सी. मांडे को संयुक्त राष्ट्र के दस उच्चस्तरीय प्रतिनिधियों के समूह में 2026-2028 की अवधि के लिए नियुक्त किया गया है। इसका उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देना है।



बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान के बयान पर भारत ने दी प्रतिक्रिया

ढाका के अंदरूनी मामलों पर टिप्पणी नहीं करना चाहते, हम अच्छे संबंध चाहते हैं

होर्मुज स्ट्रेट में जल्द शांति बहाल हो

डॉ. राजकुमार सिंह चौहान
प्रधान संपादक / नई दिल्ली,

बांग्लादेश में हिंसा की घटनाओं के बाद वहां के पीएम तारिक रहमान के बयान पर भारत की तरफ से प्रतिक्रिया दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि भारत का रुख पहले जैसा ही है। भारत बांग्लादेश के साथ एक सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्य को देखने वाला संबंध चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा संबंध, जिसकी जड़ें दोनों देशों के साझा इतिहास और वहां के लोगों के समान सांस्कृतिक मूल्यों में हों। तारिक रहमान के बयान पर उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के आंतरिक मामलों पर वह कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। भारत की सीमा से सटे उत्तर-पश्चिमी जिले लालमोनिरहाट में गुरुवार को जनसभा को संबोधित करते हुए बांग्लादेश के पीएम तारिक रहमान ने भारत का नाम लिए बिना कहा था कि एक ग्रुप बांग्लादेश के खिलाफ साजिश रच रहा है। उन्होंने उन्होंने आरोप लगाया कि अवामी लीग की सरकार ने न केवल देश और जनता के हितों की अनदेखी की, बल्कि सीमा पार अपने 'आकाओं' के हितों की भी सेवा की। देश से भागने के बाद भी उन्होंने एक बार फिर आगजनी और लोगों की हत्या की राजनीति शुरू कर दी है। वे पीछे से लोगों पर हमला कर रहे हैं और उनकी हत्या कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब बहुत हो चुका। हमें इन आतंकवादियों, आगजनी करने वालों और हत्यारों को स्पष्ट जवाब देना होगा। बता दें, बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी की ओर से गुरुवार को आयोजित देशव्यापी बंद के दौरान कई इलाकों में हिंसा की घटनाएं हुई।

जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता हो



रणधीर जयसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाए

जहाजों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की

होर्मुज स्ट्रेट में हाल में हुए हमलों को लेकर भारत ने अपनी चिंता दोहराई है। भारत सरकार ने कहा कि वह वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा करती है। जयसवाल ने कहा कि इन हमलों में भारतीय नाविकों की जान गई है और कुछ घायल भी हुए हैं। कुछ हमले भारतीय झंडे वाले जहाजों पर भी हुए हैं। भारत ने इन घटनाओं की निंदा करते हुए क्षेत्र में जल्द शांति बहाल करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाने की अपील की है। मंत्रालय ने बताया कि भारत का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता बहाल की जानी चाहिए।

पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा

नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के अनुसार, पीएम बालेंद्र शाह 22 नवंबर को नेपाल एयरलाइंस की उड़ान से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। उनके साथ वित्त मंत्री स्वर्णिम वागले, विदेश मंत्री शिसिर खनाल, पीएम के मुख्य सलाहकार कुमार ब्यांजारंकर और अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी भी होंगे। आधिकारिक सरकारी प्रतिनिधिमंडल में 34 सदस्य होंगे। इसके अलावा, व्यापार प्रतिनिधियों का 52 सदस्यीय एक अलग प्रतिनिधिमंडल भी अपने खर्च पर इस यात्रा में शामिल होगा। राय के अनुसार पीएम मोदी के साथ अपनी द्विपक्षीय बातचीत के बाद दोनों पीएम संयुक्त रूप से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित करेंगे। उसी दिन पीएम मोदी दोपहर भोज का आयोजन करेंगे।

नेपाल के पीएम 22-23 नवंबर को भारत आएंगे



पीएम बालेंद्र शाह

दोनों देशों के बीच बेहद करीबी संबंध

जयसवाल ने बताया कि नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह 22-23 नवंबर को भारत आएंगे। पीएम बनने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी, जिसमें वे राष्ट्रपति और पीएम से मुलाकात करेंगे। इसे राजकीय यात्रा का दर्जा दिया गया है। इस दौरान उन्हें सभी राजकीय सम्मान दिए जाएंगे।

जयसवाल ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच लंबे समय से बेहद करीबी, दोस्ताना और बहुआयामी संबंध रहे हैं। दोनों देशों के बीच बातचीत मुख्य रूप से व्यापार, परिवहन, निवेश, ऊर्जा, कनेक्टिविटी नेटवर्क, स्टार्टअप, तकनीक, नवाचार, क्रिकेट और बुनियादी ढांचे के विकास में आर्थिक सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित होगी। दोनों पक्ष शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, खेल, आपदा प्रबंधन और मानव संसाधन विकास के क्षेत्रों में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का आदान-प्रदान भी करेंगे।

पाकिस्तान फिर बेनकाब

भारत दौरे पर आए मंत्री मलिक का स्वागत न करने का दावा झूठा



मुसद्दिक मसूद मलिक और साद खरैल

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पाकिस्तानी थिंक टैंक के एक विश्लेषक ने दावा किया था कि नई दिल्ली पहुंचने पर पाकिस्तान के मंत्री मुसादिक मसूद मलिक का स्वागत करने के लिए कोई भी भारतीय अधिकारी मौजूद नहीं था।

खुर्रम अब्बास ने 'एक्स' पर आरोप लगाया कि एससीओ बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण समन्वय मंत्री मुसादिक मलिक के स्वागत के लिए भारत ने किसी अधिकारी को नहीं भेजा, जो कि शिष्टाचार के खिलाफ है। उनका स्वागत भारत में पाकिस्तान उच्चायोग के सीडीए (चार्ज डी अफेयर्स) साद खरैल ने किया। बता दें, 2023 और मई 2025 के टकराव के बाद से भारत आने वाले वे पहले पाकिस्तानी मंत्री हैं।

प्रोटोकॉल के तहत किया स्वागतः भारत

वहीं, विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि स्वागत प्रोटोकॉल के तहत मलिक की अगवानी के लिए केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के एक निदेशक और विदेश मंत्रालय के पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान (पीएआई) प्रभाग के एक अवर सचिव (अंडर सेक्रेटरी) हवाई अड्डे पर मौजूद थे। सूत्रों ने यह भी स्पष्ट किया कि नई दिल्ली आने वाले सभी एससीओ सदस्य देशों को इसी तरह का प्रोटोकॉल दिया जा रहा है। वहीं, नई दिल्ली आए मुसादिक मलिक ने कहा कि हमें संस्कृति और सभ्यताओं पर बात करनी चाहिए। यह भी समझना चाहिए कि इन सभ्यताओं ने हम सभी को किस तरह प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत स्वागत योग्य कदम है। मैं एससीओ का बहुत आभारी हूं कि वह ऐसे मंच आयोजित कर रहा है। ये मंच क्षेत्र के सभी देशों को एक साथ आने का मौका देते हैं। यहां ऐसे विचारों पर बात हो सकती है, जो सीमाओं से आगे जाते हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छी और स्वागत योग्य पहल है।

निजामुद्दीन दरगाह जाने की नहीं दी अनुमति

पाकिस्तान के मंत्री मुसादिक मलिक ने ताजमहल और निजामुद्दीन दरगाह जाने की अनुमति मांगी थी, लेकिन भारत सरकार ने उनकी मांग खारिज कर दी। वहीं, मलिक ने कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक राजनीति तेजी से बदल रही है। ऐसे में सबसे आसान रास्ता उन मुद्दों पर बात करना है, जो सभी को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि हम बड़े नजरिये से चीजों को देखेंगे। इस नजरिये में हम सभी राजनीतिक मुद्दों पर बात करेंगे। सभी सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। बातचीत से जुड़े हर मुद्दे को देखेंगे। साथ ही पूरे क्षेत्र के एजेंडे को आगे बढ़ाएंगे।

भारत-फ्रांस के बीच जेडब्ल्यूजी बैठक

आतंकवाद के खिलाफ आपसी सहयोग बढ़ाने पर हुए 'सहमत'

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



भारत और फ्रांस ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट रूप से निंदा करते हुए इसके खिलाफ द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच आतंकवाद निरोधक संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 18वीं बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में आतंकवाद निरोधक मामलों के अतिरिक्त सचिव डॉ. सुहेल एजाज खान और फ्रांस के आतंकवाद निरोधक एवं संगठित अपराध मामलों के विशेष दूत तथा एंबेसडर एट लार्ज ओलिवियर कैरन ने की। दोनों पक्षों ने सीमा पार आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद सहित आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की। उन्होंने पहलगाम और दिल्ली में हुए आतंकी हमलों की कड़ी निंदा की।

भारत-पुर्तगाल के बीच 5 वर्षीय रोडमैप

व्यापार, निवेश, रक्षा सहित कृषि क्षेत्र में बढ़ाएंगे द्विपक्षीय सहयोग

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



भारत और पुर्तगाल ने आपसी संबंधों के लिए व्यापक पांच वर्षीय रोडमैप (2027-2032) को अंतिम रूप देने की साझा प्रतिबद्धता जताई। यह रोडमैप अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय सहयोग की दिशा तय करने पर काम करेगा। दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से जुड़े स्थापित संस्थागत तंत्रों की नियमित बैठकों का भी स्वागत किया। साथ ही सभी क्षेत्रों में सहयोग और संपर्क को और गहरा करने पर सहमति जताई। भारत और पुर्तगाल के बीच विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) की छठी बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और पुर्तगाल के विदेश मंत्रालय में विदेश नीति महानिदेशक हेलेना मालकाटो ने की।

थल सेनाध्यक्ष ने चेक आर्मी ब्रिगेड का दौरा किया



नई दिल्ली। थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल दीरज सेठ ने शुक्रवार को चेक थल सेना की चौथी 'रैपिड डिप्लॉयमेंट ब्रिगेड' का दौरा किया। इस दौरान उन्हें ब्रिगेड की संरचना, कार्यक्षेत्र और क्षमताओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भारतीय थल सेना ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि इस दौरे से चेक सेना के जवानों के साथ बातचीत करने और उनकी तैयारियों, क्षमताओं तथा कार्यप्रणालियों को समझने का मौका मिला। इससे दोनों देशों के बीच पेशेवर सैन्य संबंधों और रक्षा सहयोग को और मजबूती मिलेगी। जनरल सेठ चेक गणराज्य की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी कैंपस से स्नातक हुआ पहला बैच

भारत-यूएई ने एआई और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर द्विपक्षीय चर्चा की

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

शिक्षा तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर के पहले बैच के विद्यार्थियों के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। दुबई में जोशी ने यूएई के एआई, डिजिटल अर्थव्यवस्था और रिमोट वर्क एप्लीकेशंस मामलों के राज्य मंत्री उमर सुल्तान अल ओलमा के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता में एआई आधारित शिक्षा, शिक्षक के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचे, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की शिक्षा, शिक्षकों की क्षमता बढ़ाने तथा कक्षाओं में उभरती प्रौद्योगिकियों के जिम्मेदार उपयोग जैसे विषय शामिल रहे।



अबू धाबी कैंपस में छात्रों को डिग्रियां वितरित करते हुए

संयुक्त अनुसंधान पर विचार-विमर्श

दोनों मंत्रियों ने संयुक्त एआई अनुसंधान को बढ़ावा देने में आईआईटी दिल्ली के अबू धाबी परिसर की संभावनाओं पर भी चर्चा की। इसके अंतर्गत मोहम्मद बिन जायद यूनिवर्सिटी ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ सहयोग और अकादमिक तथा अनुसंधान सहयोग संवर्धन योजना के अंतर्गत एआई, जलवायु अनुकूलन क्षमता, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान पर विचार-विमर्श हुआ

युद्धपोतों के रखरखाव में भारत स्थापित कर रहा वैश्विक पहचान

अमेरिकी नौसेना के पांचवें जहाज की कट्टुपल्ली में होगी मरम्मत

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

अमेरिकी नौसेना का आपूर्ति पोत यूएसएनएस वैली शिएं शुक्रवार को चेन्नई के पास एलएंडटी के कट्टुपल्ली शिपयार्ड पहुंचा। यहां भारत-अमेरिका मास्टर शिप रिपेयर एग्रीमेंट (एमएसआरए) के तहत जहाज की मरम्मत की जाएगी। यह अमेरिकी नौसेना के मिलिट्री सीलिफ्ट कमांड (एमएससी) का हिस्सा है, जो दुनिया भर में अमेरिकी सैन्य और सरकारी एजेंसियों को समुद्री परिवहन, रसद और विशेष समुद्री सहायता उपलब्ध कराता है। कट्टुपल्ली शिपयार्ड में किसी अमेरिकी नौसैनिक जहाज की मरम्मत का यह पांचवां अवसर है। इसे भारत के जहाज मरम्मत ढांचे और तकनीकी क्षमताओं पर अमेरिका के बढ़ते भरोसे के रूप में देखा जा रहा है।

अच्छी खबर

अमेरिकी नौसेना के साथ मास्टर शिप रिपेयर एग्रीमेंट किया



कट्टुपल्ली शिपयार्ड पर अमेरिकी नौसेना युद्धपोत वैली शिएं

2022 में शुरू हुआ था सहयोग

भारत और अमेरिका के बीच जहाज मरम्मत में सहयोग अगस्त 2022 में शुरू हुआ था। चार्ल्स टू नावलीय शिपयार्ड में मरम्मत कराने वाला अमेरिकी नौसेना का पहला जहाज बना था। इसके बाद मार्च 2023 में कैप्यू पैरी और जुलाई 2023 में सेंटेल्ट की मरम्मत की गई। इसके बाद अप्रैल 2025 में एलएंडटी ने अमेरिकी नौसेना के साथ मास्टर शिप रिपेयर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए।

चालक दल की सुगमता के लिए संशोधित एसओपी

यूएसएनएस वैली शिएं संशोधित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू होने के बाद मरम्मत के लिए भारत पहुंचने वाला पहला अमेरिकी नौसैनिक जहाज है। यह एसओपी जहाज के चालक दल के सदस्यों के भारत में प्रवेश और प्रस्थान की प्रक्रिया को सुगम बनाती है। इसे विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, आव्रजन ब्यूरो, रक्षा मंत्रालय और रक्षा उत्पादन विभाग के समन्वित प्रयासों से अंतिम रूप दिया।

समुद्री सहयोग को मिली मजबूती

अमेरिकी नौसेना के इन पांच जहाजों की मरम्मत से अंतरराष्ट्रीय जहाज मरम्मत परिचालन को बढ़ावा देने और समुद्री औद्योगिक सहयोग मजबूत करने के भारत के प्रयासों को बल मिलने की उम्मीद है।

शहीद पथ के पास बाइक से गांजा बेच रहा युवक गिरफ्तार, 1.370 किलो गांजा बरामद

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई थाना क्षेत्र में शहीद पथ किनारे सीवेज प्लांट के पास सर्विस लेन पर बाइक से गांजा बेच रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.370 किलो गांजा, 2,500 रुपये नकद और मोबाइल फोन बरामद किया है। गांजा ले जाने में इस्तेमाल की जा रही स्प्लेंडर बाइक भी जब्त कर ली गई। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह पुलिस टीम इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सीवेज प्लांट के पास सर्विस लेन पर एक युवक बाइक लेकर खड़ा है और गांजा बेचने की तैयारी में है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान आवास विकास कॉलोनी निवासी अंकित गुप्ता (24) के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसकी जेब और बाइक के हैंडल पर टंगी पॉलीथिन से कुल 1.370 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मोटोरोला मोबाइल, 2,500 रुपये नकद और बाइक जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

11 चोरी कि मोटरसाइकिल संग तीन बालाकों पुलिस संरक्षण में लिया गया

लखनऊ। आशियाना क्राइम टीम को मिली बड़ी सफलता ग्यारह चोरी की मोटरसाइकिल के सात तीन बाल अपचारी को आशियाना पुलिस ने बहना बाल सुधार गृह। आशियाना थाना प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र कुमार राय ने बताया कि दिनांक 11 नवम्बर को वादी अरहम खान पुत्र फिरोज खान निवासी महौला कटरा थाना बिजनौर लखनऊ की मोटरसाइकिल संख्या (यूपी 32एल के 4962) एनीटाइम फिटनेस जिम, नियर प्रियम प्लाजा, रतन खंड, आशियाना लखनऊ से चोरी हो जाने के संबंध में लिखित तहरीर दे कर मुकदमा पंजीकृत किया गया था ।उक्त के संबंध में दिनांक 18.नवम्बर को थाना स्थानीय पर अज्ञात नाम पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत हुआ। उक्त अभियोग के सफल अनावरण के लिए उच्चाधिकारीगण के निर्देशन में थाना आशियाना की टीम गठित कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे।

तंत्र-मंत्र का झांसा देकर बुजुर्ग महिलाओं के जेवर ठगने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

पिता भी करता था मदद, कानपुर में बेचता था ठगी के जेवर; लखनऊ समेत कई जिलों में वारदात करना कबूला

अमन लेखनी समाचार



पुलिस की गिरफ्त में दो आरोपी, फोटो

लखनऊ। तंत्र-मंत्र और इलाज का झांसा देकर बुजुर्ग महिलाओं के सोने के जेवर ठगने वाले गिरोह के दो सगे भाइयों को रहीमाबाद पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों का पिता भी ठगी की वारदात में सहयोग करता था। वह ठगी के जेवर कानपुर में बेचता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नकली सोने की चेन, अंगूठियां, कान की बालियां, तौल मशीन, वैगनआर कार और पल्सर बाइक समेत अन्य सामान बरामद किया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के जिन्दौर निवासी पुतानी ने 14 नवंबर 2026 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि दो अज्ञात युवकों ने उनकी करीब 65 वर्षीय मां राबी को तंत्र-मंत्र और इलाज का झांसा दिया। इसके बाद आरोपियों ने उनके कानों से करीब चार ग्राम वजन की सोने की दोनों बालियां उतरवा लीं और बदले में टॉफी थमाकर फरार हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। घटना के खुलासे के लिए रहीमाबाद पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम जुटी थी। बृहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर टीम ने सीतापुर-हरदोई बाईपास पर दुबग्गा चौराहे के पास सर्विस लेन पर घेराबंदी कर वैगनआर कार सवार दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान रायबरेली जिले के बछरावां थाना क्षेत्र के थुलेंडी गांव निवासी शहजाद अली (34) और कैश अली (30) के रूप में हुई। दोनों सगे भाई हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने रहीमाबाद बाजार में बुजुर्ग महिला की बालियां ठगने के साथ उन्नाव के सफीपुर में एक अन्य बुजुर्ग महिला की सोने की चेन और कान के टॉप्स ठगने की बात कबूल की है। इसके अलावा मलिहाबाद के अमानीगंज पावर हाउस के पास 20 अक्टूबर को एक महिला की बाली ठगने और पास की दुकान से कॉपर के तार के बंडल ले जाने की घटना में भी उनकी संलिप्तता सामने आई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपने पास नकली पीली धातु के जेवर रखते थे। बुजुर्ग और सीधी-सादी महिलाओं को इलाज व तंत्र-मंत्र का झांसा देकर विश्वास में लेते थे। इसके बाद उनके असली सोने के जेवर उतरवाकर बदले में नकली जेवर थमा देते थे। ठगी के इस काम में उनका पिता मकदूम भी सहयोग करता था। वह ठगी के जेवर कानपुर में बेचता था। दोनों भाई लखनऊ के अलावा उन्नाव समेत कई जनपदों में वारदात कर चुके हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने नकली पीली धातु की दो चेन, तीन अंगूठियां, एक कान का झुमका, दो बालियां, तौल मशीन, वैगनआर कार, पल्सर बाइक, दो आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल फोन और 3420 रुपये नकद बरामद किए हैं। रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक दोनों आरोपियों के खिलाफ अयोध्या, आजमगढ़, उन्नाव और लखनऊ के अलग-अलग आधा दर्जन थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

सड़क हादसे में घायल ई रिक्शा चालक की इलाज के दौरान मौत

हादसा

अमन लेखनी समाचार



मृतक रामबालक – फाइल फोटो

लखनऊ। परिवार को मेला दिखाने गए ई-रिक्शा चालक को तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक की करीब एक सप्ताह तक चले इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माल थाना क्षेत्र के मझौवां गांव निवासी रामबालक (50) बीती 12 नवंबर को अपने परिवार को ई-रिक्शा से थावर गांव में मेला दिखाने ले गए थे। मेले में परिवार के सदस्यों को उतारने के बाद वह ई-रिक्शा के पास खड़े थे। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रामबालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने उन्हें सैदापुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां करीब एक सप्ताह तक चले इलाज के बाद शुक्रवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। रामबालक की मौत से पत्नी अनीता और बेटे शनि, सचिन व संदीप का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी मौत से परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

मुख्यमंत्री योगी की माताजी के निधन पर शोक की लहर, डॉ. राजेश्वर सिंह ने जताई संवेदना

मां का साया उठना जीवन की सबसे असहनीय पीड़ा – डॉ. राजेश्वर सिंह

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की पूज्य माताजी जी के निधन से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। सरोजनीनगर से विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. सिंह ने कहा कि पूज्य माताजी का निधन अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। मां का स्नेह, वात्सल्य और आशीर्वाद मनुष्य के जीवन की सबसे अमूल्य पूंजी होते हैं। मां का साया उठना जीवन की ऐसी पीड़ा है, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस कठिन घड़ी में हमारी गहरी संवेदनाएं मुख्यमंत्री जी एवं उनके समस्त शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति और धैर्य दें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूज्य माताजी के निधन पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. राजकुमार सिंह चौहान ने व्यक्त की गहरी शोक संवेदना

- मां का बिछुड़ना जीवन की सबसे बड़ी और अपूरणीय क्षति है : डॉ. राजकुमार सिंह चौहान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । वरिष्ठ पत्रकार एवं हिन्दी दैनिक अमन लेखनी के प्रधान संपादक डॉ. राजकुमार सिंह चौहान ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पूज्य माताश्री श्रीमती सावित्री देवी जी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. चौहान ने कहा कि पूज्य माताजी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद, हृदयविदारक एवं मर्माहत करने वाला है। मां केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी शक्ति, संस्कारों की आधारशिला और निःस्वार्थ प्रेम का प्रतीक होती हैं। मां का साया सिर से उठ जाना ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई जीवन में कभी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि इस अत्यंत कठिन एवं दुःखद घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं एवं प्रार्थनाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी और उनके समस्त शोकाकुल परिवार के साथ हैं। डॉ. चौहान ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा मुख्यमंत्री जी एवं उनके परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति, धैर्य एवं संबल प्रदान करें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माताजी के निधन पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने जताया गहरा शोक

मां का साया उठ जाना जीवन की सबसे बड़ी पीड़ाओं में से एक : अनिल दुबे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की पूजनीय माताश्री सावित्री देवी जी के निधन पर गहरा शोक एवं संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुःखद, हृदयविदारक एवं मर्माहत करने वाला समाचार है। मां का साया सिर से उठ जाना जीवन की सबसे बड़ी पीड़ाओं में से एक है। इस अपूरणीय क्षति की भरपाई कभी संभव नहीं है। श्री दुबे ने कहा कि इस कठिन एवं दुःखद घड़ी में उनकी गहरी संवेदनाएं मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं उनके समस्त शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा मुख्यमंत्री जी एवं उनके परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति, धैर्य एवं संबल प्रदान करें।

बिना ओटीपी बताए दो बैंक खातों से लाखों रुपये पार

रहीमाबाद के युवक के बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक खातों से निकाली गई रकम, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। साइबर जालसाजों ने एक युवक के दो अलग-अलग बैंकों के खातों से बिना ओटीपी बताए 1.76 लाख रुपये निकाल लिए। खाते से रकम निकलने की जानकारी होने पर पीड़ित के होश उड़ गए। पीड़ित की शिकायत पर रहीमाबाद पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के हंसाखेड़ा निवासी अनूप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 13 नवंबर को अज्ञात साइबर जालसाजों ने उसके बैंक खातों को निशाना बनाया। ठगों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से तीन बार में 20 हजार, 27 हजार और 30 हजार रुपये निकाल लिए। वहीं, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 99 हजार रुपये की रकम पार कर दी। इस तरह दोनों खातों से कुल 1 लाख 76 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित का कहना है कि उसने न तो किसी को ओटीपी साझा किया और न ही रुपये निकालने की कोई अनुमति दी थी। इसके बावजूद खातों से रकम निकल गई। घटना के बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद रहीमाबाद थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी और ठगी की रकम वापस दिलाने के साथ आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से दोनों बैंक खातों से हुए लेनदेन और रकम जिन खातों में स्थानांतरित हुई है, उनकी जांच कर रही है।

साउथ सिटी में कूड़े के ढेर में भीषण आग, ऊपर से जलते कूड़े में ही कचरा डालते दिखे कंपनी के कर्मचारी!

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के साउथ सिटी में रेलवे पटरी के किनारे लगे कूड़े के ढेर में लगी भीषण आग ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आग से उठ रहे घने धुएं से आसपास का वातावरण प्रदूषित हो रहा है और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि जलते हुए कूड़े के ढेर में ही लॉयन इनवेरो कंपनी के कर्मचारी कचरा फेंकते हुए दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि जब सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाली कंपनी के कर्मचारी ही इस तरह की लापरवाही बरत रहे हैं, तो शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी कौन निभाएगा?

स्थानीय लोगों का आरोप है कि समय पर कूड़ा नहीं उठाए जाने के कारण यहां कचरे का ढेर जमा रहता है। अब आग और उसके धुएं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोगों ने नगर निगम जोन-8 के अधिकारियों और संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित कराने की मांग की है।

हाईमास्ट लाइट को लेकर खूनी संघर्ष, कुल्हाड़ी-सरिया से मारपीट, स्कूल वैन पर भी हमला

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में हाईमास्ट लाइट लगाने को लेकर गुरुवार शाम दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर कुल्हाड़ी, बांका, सरिया और लोहे की रॉड से हमला कर कई लोगों को चोटिल करने का आरोप लगाया। वहीं शुक्रवार सुबह इस विवाद ने फिर तूल पकड़ लिया। जिसमें एक पक्ष ने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रही ईको वैन पर हमला कर शीशा तोड़ने और जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। बंथरा के खटोला गांव के ग्राम प्रधान संतोष कुमार के मुताबिक गुरुवार शाम करीब छह बजे विधायक निधि से गांव में सरकारी हाईमास्ट लाइट लगाई जा रही थी। इसी दौरान यहाँ के रतौली निवासी रामसुमिरन रावत, लखन रावत, श्रवण रावत, निखिल, अखिल और कुनाल ने उनके भाई मनोहर लाल, भाभी सुनीता और बेटे प्रियांशु पर कुल्हाड़ी, सरिया व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे तीनों लोग चोटिल हो गए। आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों से भी आरोपियों ने मारपीट कर घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की। वहीं दूसरे पक्ष के लखन रावत का आरोप है कि संतोष पक्ष के लोग उनकी विवादित निजी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से निर्माण करा रहे थे। लखन का कहना है कि न्यायालय में मुकदमा लंबित होने की बात कहकर विरोध करने पर संतोष पक्ष के सचिन, मनोहर, राजकमल, विनय सहित महिलाओं और 12 से 15 अज्ञात लोगों ने उस पर और उसके भाई रामसुमिरन पर हमला कर दिया। इसमें लखन के बाएं कंधे में कुल्हाड़ी से गहरा घाव आया, जबकि रामसुमिरन भी घायल हो गए। साथ ही रामसुमिरन का आरोप है कि शुक्रवार सुबह करीब 7:45 बजे वह ईको वैन से पड़ोसी नन्हकऊ के तीन बच्चों को एयरफोर्स स्टेशन मेमौरा के पास से लेकर प्राथमिक विद्यालय रतौली छोड़ने जा रहे थे। तभी रास्ते में संतोष कुमार, सचिन, कुलदीप सहित करीब 12 अज्ञात लोगों ने दो चारपहिया वाहनों से पीछा कर उनकी वैन पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इससे ड्राइवर साइड का शीशा टूट गया और वैन में सवार तीनों बच्चे दहशत में आकर चीखने-चिल्लाने लगे। पीड़ित ने आरोपियों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पीएम मोदी के आगमन से पहले फ्लीट रिहर्सल बना आफत, कानपुर रोड पर लगा भीषण जाम, घंटों फंसे रहे लोग

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शनिवार को प्रस्तावित लखनऊ आगमन को लेकर शुक्रवार शाम किए गए फ्लीट रिहर्सल के चलते कानपुर रोड पर भीषण जाम लग गया। शहीद पथ और एयरपोर्ट की ओर जाने वाले रास्तों पर यातायात रोके जाने से कानपुर रोड की दोनों पटरियों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात यह रहे कि रिहर्सल खत्म होने के करीब एक घंटे बाद भी वाहन रेंग-रेंगकर निकलते रहे। इससे राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी और लोग समय से अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके। गौरतलब है कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे हैं। उनके आगमन की तैयारियों के तहत शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे शहीद पथ से एयरपोर्ट तक फ्लीट का पूर्वाभ्यास किया गया। इसके लिए फ्लीट पहुंचने से करीब 10 मिनट पहले ही शहीद पथ पर यातायात रोक दिया गया। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद फ्लीट की वापसी के दौरान दूसरी ओर का यातायात भी रोक दिया गया। इससे शहीद पथ की तरफ जाने वाले वाहन कानपुर रोड पर ही फंस गए और कानपुर रोड पर आवागमन बाधित हो गया। वहीं कुछ दिनों से कानपुर रोड से रायबरेली रोड की ओर जाने वाले अधिकांश वाहन शहीद पथ तिराहे के अलावा एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे से लक्ष्मण चौक होते हुए भी शहीद पथ पहुंचते हैं। लेकिन शुक्रवार को रिहर्सल के चलते इन रास्तों पर भी यातायात रोक दिया गया। इससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। आलम यह कि कानपुर से लखनऊ आने वाली पटरी पर शहीद पथ तिराहे से सरोजनीनगर थाने तक वाहनों की कतार लग गई, जबकि लखनऊ से कानपुर जाने वाली पटरी पर एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे से चुंगी तक वाहन फंसे रहे। फिलहाल रात 8:30 बजे तक यहां का यातायात सामान्य नहीं हो सका। बल्कि राहगीर भयंकर जाम में जूझते रहे। पुलिस का कहना है कि शनिवार और रविवार की छुट्टी के चलते शुक्रवार को घर जाने वालों की संख्या बढ़ने से सड़क पर वाहनों का दबाव अधिक हो गया। जिसके कारण जाम की समस्या पैदा हो गई।

स्क्रैप सेंटर में चोरी करने वाले 7 चोर गिरफ्तार, बैटरी और तांबे का तार बरामद

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों स्क्रैप सेंटर से बैटरी, तांबे का तार और सीसीटीवी का डीवीआर चोरी करने वाले सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दो बैटरियां, करीब 10 किलो जला हुआ तांबे का तार और पांच किलो पुरानी केबल बरामद की है। बंथरा पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी रजनीश सिंह के स्क्रैप सेंटर में बीती दो नवंबर की रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर बैटरियां, तांबे का तार और सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर लिया था। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की गयी। इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गई थीं। पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के अलावा मुखबिर की मदद से शुक्रवार को सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम बंथरा बाजार निवासी आर्यन श्रीवास्तव (20), मूल रूप से सीतापुर जिले के रेउसा थाना अंतर्गत कुशमहुरा व वर्तमान में बंथरा स्थित खुर्रमपुर पावर हाउस के पास निवासी सालिम खान (28), सरोजनीनगर के बदालीखेड़ा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी हेमंत कश्यप (23), बंथरा के लोनहा निवासी सचिन कुमार (21) व नितिन रावत (19), बंथरा बाजार निवासी अनिकेत गौतम (18) और बंथरा के ही कुरौनी निवासी करन रावत (19) बताया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी का सामान बेचकर अपने शौक पूरे करते थे। शुक्रवार को भी वे चोरी का माल बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। फिलहाल पुलिस ने उनके कब्जे से बरामद सामान जप्त कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है।

खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान क्षेत्र में शैक्षणिक, तकनीकी और अनुसंधान सुविधाओं का होगा विस्तार

लखनऊ।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान क्षेत्र को आधुनिक तकनीक, अनुसंधान, नवाचार तथा गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाओं से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में आज राजस्व परिषद में अध्यक्ष राजस्व परिषद व अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बी एल मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), सोनीपत, हरियाणा के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश में शैक्षणिक, तकनीकी एवं संस्थागत सहयोग बढ़ाने, युवाओं के कौशल विकास तथा रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर सृजित करने से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

नई जिम्मेदारी पर ओम प्रकाश शुक्ला का भव्य स्वागत, बोले–किसानों के हित सर्वोपरि

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा अवध प्रांत के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने के बाद ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला के मोहनलालगंज में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया ब्लॉक परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में बीडीसी सदस्यों भाजपा पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लादकर उनका अभिनंदन किया पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला समारोह में वक्ताओं ने कहा कि किसान मोर्चा में ओम प्रकाश शुक्ला को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना संगठन के लिए गौरव की बात उन्होंने विश्वास जताया कि उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और जनसंपर्क का लाभ पार्टी के साथ-साथ किसानों को भी मिलेगा तथा किसान हितों से जुड़े मुद्दों को और मजबूती से उठाया जाएगा। वही इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख नितिन जायसवाल, राजेश पांडे, गोविंद तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, एडवोकेट वीरेंद्र अवस्थी, लाल बिहारी मिश्रा, अरविंद शर्मा, राजेश द्विवेदी, बिंदा प्रसाद राममिलन सूरज तिवारी विनोद साहू, सुरेश चंद्र सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे स्वागत से अभिभूत ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने सभी कार्यकताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया।

संक्षेप

टाटा पंच डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में पलटी, एक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार टाटा पंच कार डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में पलट गई। हादसे में कार सवार अमित पाल घायल हो गए। घटना का सीसीटीवी फुटेज शुक्रवार को सामने आया है। इसमें कार डिवाइडर से टकराने के बाद पलटकर दूसरी लेन में गिरती दिखाई दे रही है।जानकारी के मुताबिक, बीते शनिवार कार नंबर UP 35 BK 4640 में अमित पाल, वंश त्रिपाठी और दीपक सिंह सवार थे। कार दीपक सिंह चला रहे थे। कार चंद्रलोक गार्डन के सामने आदर्श नगर पहुंची थी।इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के बीच बने डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में पलट गई।हादसे में अमित पाल को चोटें आईं। वंश त्रिपाठी उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार कराया गया। कार सवार अन्य लोगों के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में हादसा रिकॉर्ड हो गया।फुटेज में कार तेज रफ्तार से आती दिखाई देती है। इसके बाद कार डिवाइडर से टकराती है और पलटकर दूसरी लेन में जा गिरती है। हादसे का वीडियो शुक्रवार को सामने आया।

ऑक्सीजन सिलेंडर लदे लोडर और मारुति वैन में आमने-सामने टक्कर, दोनों चालक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 11 बजे गंगाबैराज-शुक्लागंज मार्ग पर ऑक्सीजन सिलेंडर लदे लोडर और मारुति वैन की आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।टक्कर नेतुआ गांव के पास हुई। दोनों वाहन सड़क पर पलट गए और उनके अगले हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए।दोनों चालक वाहनों के अंदर फंस गए। आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर दोनों चालकों को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वैन चालक करीब आधे घंटे तक वाहन में फंसा रहा। उसकी हालत गंभीर बताई गई।वह मिश्रा कॉलोनी का निवासी है।पुलिस ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत के चलते उन्हें कानपुर रेफर कर दिया।लोडर गंगाबैराज से शुक्लागंज की ओर जा रहा था, जबकि वैन विपरीत दिशा से आ रही थी। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया है और हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

श्री कृष्ण लीला महोत्सव में कंस वध लीला का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीकृष्ण लीला महोत्सव के अष्टम दिवस कंस वध लीला का मंचन किया गया। लीला देखते ही पूरा पंडाल राधे-राधे और जय श्री कृष्ण के जयकारों से गूंज उठा लीला में दिखाया गया कि भगवान कृष्ण के जन्म से ही कंस आकाशवाणी सुनकर भयभीत था कि देवकी का आठवां पुत्र ही उसका काल बनेगा। कंस ने अक्रूर जी को भेजकर कृष्ण और बलराम को मेला देखने के बहाने बुलाया और यमुना तट पर ठहराया। उसने धोबी को दोनों बालकों को मारने को कहा, लेकिन भगवान कृष्ण ने धोबी को ही मार गिराया। यह सुनकर घबराए कंस ने द्वार पर कुवलयापीड़ हाथी को खड़ा कर दिया। जिसे कृष्ण-बलराम ने मार डाला। आगे बढ़ने पर कुब्जा ने चंदन लगाया तो भगवान ने उसे सुंदर रूप दिया और माली ने माला पहनाई तो उसे भक्ति प्रदान की। कंस ने शिव का धनुष रखवाया।जिसे कृष्ण ने तोड़ दिया। तब कंस को निश्चय हो गया कि यही नारायण का अवतार है। अंत में पहलवानों को मारते हुए कृष्ण-बलराम सिंहासन पर पहुंचे और कंस के केश पकड़कर जमीन पर पटककर उसका वध कर दिया।

लीला के प्रारंभ में वरुण शंकर शुक्ला ने पूजन कर शुभारंभ किया। इसके बाद पूर्व अध्यक्ष इजहार खान गुड्डू, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार और भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप कटियार ने पूजन-अर्चन किया।

इस अवसर पर मथुरा से आए व्यास स्वामी नंदकिशोर शर्मा, प्रेम शर्मा, राधा-कृष्ण, समिति अध्यक्ष प्रज्वल शर्मा, वरिष्ठ संरक्षक सुधीर कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ पत्रकार फजलुर्रहमान व जमीर खान को भी सम्मानित किया गया। भक्तों को भगवान के कैलेंडर वितरित किए गए। इस दौरान भाजपा नेता कुलदीप कटियार में कहा कि श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला महोत्सव में आकर मन आनंद से भर गया। यह लीला केवल मनोरंजन नहीं, हमारे संस्कारों की पाठशाला है।

विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि भगवान कृष्ण ने हमें सिखाया है कि अधर्म कितना भी बड़ा क्यों न हो, धर्म की विजय निश्चित है। कंस वध यही संदेश देता है कि अत्याचार और अहंकार का अंत अवश्य होता है।सपा नेता वरुण शंकर शुक्ला ने कहा कि आज के युवाओं को कृष्ण के जीवन से कर्म, भक्ति और धर्म की प्रेरणा लेनी चाहिए। ऐसी लीलाएं हमारी संस्कृति को जीवित रखती हैं।

नगर पालिका परिषद बांगरमऊ के पूर्व अध्यक्ष इजहार खान गुड्डू ने कहा कि मैं समिति के सभी सदस्यों को इस सुंदर आयोजन के लिए बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि आइए, हम सब भगवान कृष्ण के आदर्शों पर चलने का संकल्प लें।

कृष्णा महोत्सव में मनीष त्रिपाठी, पप्पू त्रिवेदी, सुधांशु अग्निहोत्री, उपेंद्र अवस्थी, कृष्णकांत श्रीवास्तव, ओम नारायण श्रीवास्तव, चौधरी अनूप आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। लीला समाप्ति पर संजीव शुक्ला व रामू शुक्ला ने आरती उतारी।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 101 फीट ऊंची धर्म ध्वजा की स्थापना

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। सामूहिक सहभागिता एवं सनातन सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक माँ चंडिका धाम बक्सर में देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार को 101 फीट ऊँची धर्म ध्वजा स्थापना की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

कार्यक्रम आयोजक शिक्षाविद् एवं सामाजिक उद्यमी अनुराग त्रिवेदी ने कहा कि माँ चंडिका धाम की धर्म ध्वजा किसी एक व्यक्ति अथवा परिवार का संकल्प नहीं, बल्कि समस्त देवतुल्य भगवंत नगर विधानसभा परिवार की सामूहिक आस्था, समर्पण एवं सनातन चेतना का प्रतीक है। जन-जन के सहयोग से प्रारंभ हुआ यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों, आध्यात्मिक विरासत एवं सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने का कार्य करेगा।

कार्यक्रम को संजय जी पूर्व प्रांत प्रचारक अवध एवं कानपुर प्रांत, इतिहास संकलन के सह संगठन मंत्री, पूर्व वरिष्ठ प्रचारक वीरेंद्र भारतीय मजदूर संघ के राजेश सिंह सेंगर नीरज गौतम गौ सेवा आयोग एवं अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्या, विवेकानंद, भारत भारती के संगठन मंत्री महिरद ध्वज, ओम शंकर त्रिपाठी पूर्व प्रधानाचार्य, आचार्य दीपक राजे भास्करानंद सरस्वती आदि ने सम्बोधित किया।

इस अवसर पर मुन्ना सिंह जी, छोटू सिंह कान्हा सिंह, सचिन सिंह अवध सिंह अमरेंद्र प्रताप सिंह आशीष सिंह अनुराग यादव, अरुणेश गौतम, अरुण रावत, मोहित रावत, सुखवीर रावत, आशीष साहू, परवीन सविता, मुकुंदा वर्मा जी, रोली गौतम, सीमा, शिवम बाजपेई, अंकित पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

महिलाओं के लिए की मारपीट दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार व बारासगवर थाना क्षेत्र में अलग-अलग घर के बाहर बैठी महिलाओं और उनके परिजनों के साथ गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने के दो मामलो में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पहला मामला बिहार थाना क्षेत्र के शंभू रतन खेड़ा (बैजूआमऊ) गांव का है। यहां की निवासिनी कविता सिंह ने तहरीर में बताया कि 14 नवंबर शाम करीब वह अपने घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान गांव का सूर्यपाल पुत्र राम पियारे कथित तौर पर शराब के नशे में आया और बेवजह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने कविता व उनके भाई श्याम सिंह के साथ लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जबकि दूसरा मामला बारासगवर थाना क्षेत्र के तलिहई गांव का है। यहां की निवासिनी संगीता ने बताया कि 15 अक्टूबर सुबह वह अपने दरवाजे पर बैठी थीं। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले के पिंटू व कल्लू पुत्रगण पंछी तथा रौनक पुत्र रवी व शैलेन्द्र पुत्र कुन्नी ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की और जाते समय जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

अधिवक्ताओं के साथ एसडीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय में वकीलों की समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी ने बैठक आयोजित की जिसमे वकीलो की समस्याओं को जल्द ही हल करने का आश्वासन दिया।

तहसील मुख्यालय में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र सिंह, तहसीलदार प्रियंका तिवारी आदि के साथ अधिवक्तागणों की बैठक हुई जिसमें वकील मोहनलाल यादव ने तहसील प्रांगण में गंदगी और जलभराव की समस्या उठाई।अखिलेश प्रताप सिंह ने मृतक के वारिसों के नाम खतौनी में वरासत का मुद्दा उठाया। राजेंद्र बहादुर सिंह ने धारा 24 और धारा 117 में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक द्वारा रिपोर्ट लगाने की बात कही। वहीं, विवेक मोहन ने गलत रिपोर्ट लगाकर वाद खारिज करने का मुद्दा उठाया धारा 24 की फाइलों को हड़बड़ी में गलत तरीके से निपटाने के बजाय, लेखपाल द्वारा मौके पर जाकर पैमाईश करके सही रिपोर्ट न्यायालय में लगाए जिससे वादकारियों को सही लाभ मिल सके इसके अतिरिक्त न्यायालयों में चल रहे वादों में न्यायालय स्वयं रिपोर्ट लगवाने, साथ ही त्रुटि नाम और अंश संशोधन पर लेखपालों द्वारा रिपोर्ट न लगाए जाने का मुद्दा भी सामने आया। बैठक में मुख्य रूप से वकील विमल किशोर से जुड़े मामले में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे व निर्माण का मुद्दा उठाया गया।

इस दौरान कृष्णपाल सिंह, शेर बहादुर सिंह, सुरेश पटेल और रमेश चंद्र सुशील चंद विमल विवेक मोहन आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

हत्यारोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। बीघापुर थाना क्षेत्र के गिरिजानगर निवासिनी सीता के पति दिनेश 45 का रक्तरंजित शव शनिवार को थाना बारासगवर के चिलौली गांव के समीप तालाब के पास मिला था। पत्नी सीता ने रविवार को अपने पति दिनेश की हत्या का आरोप नयाखेड़ा थाना बीघापुर निवासी अवनीश पर लगाया था। तहरीर के आधार पर थाना बारासगवर पुलिस ने अवनीश पर हत्या, आपराधिक षड्यंत्र, हरिजन एक्ट सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को थाना बारासगवर पुलिस टीम ने अवनीश कुमार उर्फ मुनक्की को लालकुआं के पास गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा दिया। गिटार गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना बीघापुर में भी कई धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

पुलिस लाइन ग्राउंड में हवाई हमले और ब्लैकआउट की होगी मॉक ड्रिल, एसपी ने देखीं तैयारियां

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। 22 नवंबर को पुलिस लाइन ग्राउंड में हवाई हमले और ब्लैकआउट की मॉक ड्रिल होगी। इसमें अलग-अलग विभागों की टीमें आपात स्थिति जैसी परिस्थितियां बनाकर बचाव के तरीके दिखाएंगी। शुक्रवार को एसपी ने तैयारियां देखीं।

कलेक्ट्रेट के पन्नालाल सभागार में डीएम घनश्याम मीना की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर बैठक हुई। अधिकारियों को मॉक ड्रिल की जिम्मेदारियां और आपसी तालमेल के बारे में बताया गया।

मॉक ड्रिल में हवाई हमले के दौरान सुरक्षित जगह पहुंचने, आग लगने पर बचाव करने और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा में सुरक्षा के तरीके दिखाए जाएंगे। लोगों को यह भी बताया जाएगा कि संकट के समय घबराने के बजाय कैसे काम करें और दूसरों की मदद कैसे करें।

राहत और बचाव के अभ्यास में स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, परिवहन विभाग, आपदा प्रबंधन, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक और स्थानीय प्रशासन की टीमें शामिल होंगी।

घायलों को चिकित्सा सहायता पहुंचाने, आग पर काबू पाने, लोगों को सुरक्षित जगह ले जाने और राहत-बचाव का काम करने का अभ्यास भी होगा।बैठक में एडीएम नमामि गंगे विधेश, सीएमओ डॉ. अजय कुमार शर्मा, सहायक उप नियंत्रक अनिल कुमार दुबे, पुलिस लाइन के एसआई नेक मोहम्मद खान, एसडीओ द्वितीय एसएल चौहान, एआरएम पंकज कुमार तोमर सहित नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

आए दिन लगने वाले मार्ग जाम से राहगीर परेशान

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। अचलगंज स्थानीय कस्बा के मिर्री चौराहा पर जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। घंटों जाम लगने से राहगीरों को मुसीबतें उठानी पड़ रही हैं। कस्बावासियों का मानना है कि मौरावां की तर्ज पर पुरवा कस्बे में भी बाइपास बनाया जाना चाहिए। नगरवासियों व राहगीरों के लिए मिर्री चौराहा का जाम मुसीबत बन गया है। प्रायः जाम लगने से राहगीर अपने गंतव्य को समय से नहीं पहुंचते हैं। मिर्री चौराहा से लखनऊ की ओर जाने वाले, मौरावां-मोहनलालगंज जाने वाले, पाटन व उन्नाव की ओर जाने वाले भारी वाहनों के कारण आम राहगीरों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जाम खुलवाने में स्थानीय कोतवाली पुलिस के जवानों को भी पसीना बहाना पड़ रहा है। बीते कुछ समय से डम्फरों के आवागमन से जाम की समस्या बढ़ गई है। नगरवासियों में सुरेश प्रजापति, सत्यम मिश्रा, शिवम चौरसिया आदि का कहना है कि मौरावां की तर्ज पर पुरवा में भी बाइपास बनना चाहिए। इससे राहगीरों व नगरवासियों को जाम से राहत मिलेगी।

कार्तिक पूर्णिमा को लेकर प्रशासन सतर्क, एसडीएम व सीओ ने बक्सर घाट का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। आगामी कार्तिक पूर्णिमा पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी (एसडीएम) बीघापुर धर्मेंद्र सिंह और सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रदीप कुमार ने थाना बारासगवर क्षेत्र स्थित मां चंद्रिका देवी धाम, बक्सर के नमामि गंगे घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने पर्व पर उमड़ने वाली संभावित भीड़ को देखते हुए घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित कर्मचारियों व पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पर्व के दौरान क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था हर हाल में बनी रहे। एसडीएम और सीओ ने संबंधित जिम्मेदारों को पूरी सतर्कता बरतने तथा स्नान व दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए, ताकि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो।

पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में हुई तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। आगामी पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने तथा पांच वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी बांगरमऊ की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आगामी पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों, कार्ययोजना एवं अभियान के उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान 22 नवंबर से शुरू हो रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान की सफलता के लिए सभी संबंधित विभागों का आपसी तालमेल और सक्रिय सहयोग बेहद आवश्यक है। उन्होंने अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की जिम्मेदारियों के साथ-साथ अन्य विभागों की भूमिका और दायित्वों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान एक महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य अभियान है, जिसकी सफलता सामूहिक प्रयासों और जिम्मेदारियों के ईमानदारीपूर्वक निर्वहन पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि यदि सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, निष्ठा और गंभीरता के साथ करेंगे तथा आपसी समन्वय बनाकर कार्य करेंगे, तो निश्चित रूप से यह अभियान शत-प्रतिशत सफल होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि अभियान को लेकर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं। जनसामान्य को जागरूक करने के साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहने पाए। उन्होंने अभियान के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने तथा संबंधित विभागों को पूरी सक्रियता से अपनी भूमिका निभाने के निर्देश भी दिए। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की सहभागिता जरूरी है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, पंचायती राज विभाग, स्थानीय निकाय तथा अन्य संबंधित विभागों को भी अपने स्तर से सहयोग करना होगा। इसके साथ ही बच्चों के टीकाकरण से इनकार करने वाले परिवारों को भी जागरूक करने पर बोल दिया गया। बैठक के अंत में अभियान को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की गई। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मुकेश कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंज मुरादाबाद के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मंजेश पटेल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर 84 के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार, गावी -यूनिसेफ की संजू झा एवं सविता गुप्ता सहित स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूर्ण आहुति कन्या भोज भंडारे के साथ नव दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। असोहा क्षेत्र के अजयपुर गांव स्थित पावनधाम कुटी बीर मन्दिर प्रांगड़ चल रहे ग्यारहवे नव दिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ एवम मानस वेदांत सन्त सम्मेलन का आज पूर्ण आहुति एवम कन्या भोज भंडारे के साथ समापन हो गया, पूर्ण आहुति में क्षेत्र सहित जिले के सामाजिक व राजनैतिक बांगरमऊ विधयाक श्रीकांत कटियार, मोहान विधयाक ब्रजेश रावत पूर्व विधयाक उदयराज यादव, पवन मिश्र, पूर्व ब्लॉक प्रमुख वीतेंद्र प्रताप सिंह, प्रमोद बसजपेई हरिकेश यादव, जवाहर यादव, सुधांशु शुक्ल, मुन्नाबाबू निरंजन सहित सैकड़ों लोगों ने आहुति डाल सभी की मंगलकामना की। वही भंडारे के दौरान अमित त्रिवेदी, चमन सिंह, नागेंद्र सिंह, कुलदीप तिवारी, दीपू बाजपेई, रोहित गौतम, सहित हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया भंडारा देर रात तक चलता रहा। हनुमत रुद्र महायज्ञ के समापन पर पहुंचे क्षेत्रीय विधयाक अनिल सिंह व्यास पीठ से आशिर्वाद लेते हुए प्रसाद ग्रहण किया, इस दौरान लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा इस तरह के आयोजन लोगो मे धार्मिक भावना को बढ़ाते हुए भगवान के प्रति आस्था को बढ़वा तो देते ही साथ मे समाज मे समरसता का प्रचार करते हुए ऊंच नीच के भेदभाव को दूर करते है। कार्यक्रम आयोजक भाजपा नेता संजय शुक्ल ने आये हुए सामाजिक व राजनैतिक लोगो को अंग वस्त्र, प्रतीक चिन्ह व पौधा देकर सम्मानित किया। भंडारे के दौरान रजनीकांत बाजपेई, धुंनर गुप्ता, प्रवीण शुक्ल, संजय त्रिपाठी, धुंनर लोधी, अमित यादव, जटा गुप्ता, सुधीर लोधी सहित हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर व्यास पीठ से आसिरवाद लिया।

स्कूल जा रहे सायकिल सवार भाई बहन को डंपर ने मारी टक्कर दोनो घायल

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। साइकिल से स्कूल जा रहे भाई बहन को डम्पर चालक ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिए कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है दुर्घटना के बाद भाग रहे डम्पर चालक को ग्रामीणों ने पीछा करते हुए पकड़ लिया और गाड़ी सहित पुलिस के हवाले कर दिया।

माखी थाना क्षेत्र के गांव परमनी निवासी अमर का 14 साल का बेटा पंकज अपनी 11 वर्षीय बहन प्रीति के साथ साइकिल से ऐरा भदियार जंगे नगर स्थित जूनियर हाई स्कूल पढने के लिए जा रहे थे तभी सिकन्दर पुर सरोसी भूमेश्वर मार्ग पर जंगे नगर चौराहे के पास डम्पर चालक ने साइकिल में टक्कर मार दी जिसमें दोनों गिर गए और पंकज का पैर डम्पर के नीचे चला गया जिसमें भाई बहन दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना के बाद भाग रहे डम्पर चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया वही घायल भाई बहन को इलाज के लिए कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों का इलाज चल रहा है इस सम्बंध में पावा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि घायल बहन को अस्पताल भेज दिया गया है और डम्पर को कब्जे में ले लिया गया है।

सम्पादकीय

कर्मचारियों को राहत देने वाला फैसला

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए भविष्य निधि (पीएफ) की जमा राशि किस्तों में निकालने की खोजना को मंजूरी देकर एक राहत वाला फैसला दिया है। बीमारी, बेरोजगारी, बच्चों की पढ़ाई, शादी या मकान खरीदने जैसी जिम्मेदारियों के बीच आर्थिक संकट से जूझ रहे कर्मचारियों के लिए पीएफ की रकम बड़ा सहारा बन सकती है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने निकासी के नियमों में बदलाव कर कर्मचारियों को इसी जरूरत के अनुरूप राहत देने की पहल की है। नौकरी के दौरान पीएफ से निकासी की सीमा 75 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत करना और निकासी के लिए एक साल की नौकरी की अनिवार्यता समाप्त कर केवल दो महीने की सदस्यता के बाद बेरोजगारों की स्थिति में पैसा निकालने की सुविधा देना स्वागत योग्य कदम है। दरअसल, पीएफ कर्मचारी की अपनी मेहनत की कमाई है। इसमें कर्मचारी के साथ नियोक्ता का भी योगदान होता है। ऐसे में जरूरत के समय अपनी जमा पूंजी का उपयोग करने के लिए लंबी और जटिल प्रक्रिया से गुजरना कई बार परेशानी को बढ़ा देता है। नए नियमों से कर्मचारियों को नौकरी छूटने जैसी अप्रत्याशित परिस्थिति में आर्थिक संकट से उबरने के लिए अपेक्षाकृत जल्दी अपनी बचत का सहारा मिल सकेगा। इससे उसे महंगे ब्याज पर कर्ज लेने या दूसरों के सामने हाथ फैलाने की मजबूरी से भी बचाया जा सकता है। निकासी की सीमा 90 प्रतिशत करने के साथ खाते में 10 प्रतिशत राशि सुरक्षित रखने का प्रावधान भी महत्वपूर्ण है। इससे कर्मचारियों को वर्तमान की जरूरतों के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध होगा और भविष्य की सुरक्षा का न्यूनतम आधार भी बना रहेगा। नियमों को सरल बनाने और ऑनलाइन दावों की प्रक्रिया को सुगम करने का उद्देश्य भी सराहनीय है। सामाजिक सुरक्षा की किसी व्यवस्था की सार्थकता इसी में है कि जरूरत के समय उसका लाभ बिना अनावश्यक कागजी औपचारिकताओं और देरी के मिल सके। ईपीएफओ को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि नियमों में बदलाव का लाभ वास्तव में कर्मचारियों तक पहुंचे और दावों के निपटान में पारदर्शिता तथा सम्पन्नता बनी रहे। हालांकि, इस राहत के साथ कर्मचारियों को अपनी दीर्घकालीन आर्थिक सुरक्षा के प्रति भी सचेत रहना होगा। पीएफ में जमा राशि पर मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज वर्षों में बड़ी पूंजी तैयार करता है और यह बुढ़ापे का सहारा बनता है। समय से पहले बड़ी रकम निकालने से इस वृद्धि पर असर पड़ता है और सेवानिवृत्ति के समय उपलब्ध राशि घट सकती है। इसलिए अधिक निकासी की सुविधा को अनावश्यक खर्चों का माध्यम बनने के बजाय वास्तविक जरूरतों तक सीमित रखना चाहिए। खासकर नौकरी छूटने की स्थिति में नई नौकरी मिलने तक खर्चों का प्रबंधन करते हुए पीएफ की बचत का विवेकपूर्ण उपयोग जरूरी है। कर्मचारी हित में किए गए ऐसे बदलाव तभी पूरी तरह सफल होंगे, जब सुविधा के साथ जागरूकता भी बढ़े। ईपीएफओ को कर्मचारियों को निकासी की शर्तों, पात्रता और भविष्य की बचत पर पड़ने वाले प्रभावों की स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। पीएफ केवल एक बचत खाता नहीं, बल्कि करोड़ों नौकरीपेशा परिवारों के भविष्य का सुरक्षा कवच है। इसे जरूरत के समय इस्तेमाल करने की सुविधा देना निश्चित रूप से राहतकारी फैसला है। आखिरकार सामाजिक सुरक्षा का उद्देश्य केवल भविष्य के लिए धन जमा करना नहीं, बल्कि मुश्किल वक्त में कर्मचारी और उसके परिवार के काम आना भी है।



मुद्दा

कंतिलाल मांडोत

कमियां ही न गिनाएं, समाधान भी सुझाएं

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में विपक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। सरकार की नीतियों पर सवाल उठाना, जनता की समस्याओं को सामने लाना और सत्ता को जवाबदेह बनाना विपक्ष का अधिकार ही नहीं, उसकी जिम्मेदारी भी है। लेकिन विपक्ष की राजनीति केवल आलोचना और आरोपों तक सीमित रह जाए, तो जनता के मन में स्वाभाविक रूप से सवाल उठने लगते हैं। देश को केवल यह बताने से काम नहीं चलेगा कि समस्याएं कितनी हैं, बल्कि यह भी बताना होगा कि उनका समाधान कैसे होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अब इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। राहुल गांधी इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं। वहां उन्होंने भारत में बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि देश के युवाओं को भविष्य की चिंता सता रही है और चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता को लेकर सवाल हैं। इन मुद्दों पर चर्चा होना जरूरी है, क्योंकि बेरोजगारी और चुनावी विश्वसनीयता लोकतंत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषय हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या देश की समस्याओं को विदेश में गिनाने से उनका समाधान निकल आएगा? क्या राहुल गांधी के पास इन समस्याओं को दूर करने की कोई ठोस योजना भी है?

पिछले ग्यारह वर्षों में राहुल गांधी कई बार अमेरिका का दौरा कर चुके हैं। अलग-अलग अवसरों पर उन्होंने नोटबंदी, जीएसटी, बेरोजगारी, महंगाई, कश्मीर, लोकतंत्र, संवैधानिक संस्थाओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा पर अपनी बात रखी है। लोकतंत्र में किसी भी नेता को अपनी राय रखने की स्वतंत्रता है, लेकिन जब कोई राष्ट्रीय स्तर का नेता विदेश में भारत की व्यवस्था पर लगातार सवाल उठाता है तो उससे यह अपेक्षा भी की जाती है कि वह देश की उपलब्धियों और संभावनाओं को भी सामने रखे। भारत केवल समस्याओं से घिरा देश नहीं है। यहां विज्ञान, तकनीक, अंतरिक्ष, डिजिटल भुगतान, सड़क, रेल और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में लगातार काम हो रहा है। भारतीय युवा दुनिया के अनेक देशों में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं। इन उपलब्धियों को स्वीकार करना किसी सरकार का समर्थन करना नहीं, बल्कि देश की प्रगति को पहचानना है। राहुल गांधी बेरोजगारी की बात करते हैं तो उन्हें यह भी बताना चाहिए कि कांग्रेस के पास इसका क्या समाधान है। युवाओं को रोजगार चाहिए, केवल भाषण नहीं। शिक्षा व्यवस्था में सुधार, कौशल विकास, उद्योगों का विस्तार और छोटे कारोबार को प्रोत्साहन देना समय की आवश्यकता है। सरकार से रोजगार के आंकड़ों और रिक्त पदों पर सवाल पूछना उचित है, लेकिन विपक्ष को भी अपनी रोजगार नीति जनता के सामने रखनी चाहिए। कांग्रेस यह बताए कि सत्ता में आने पर वह कितने रोजगार के अवसर पैदा करेगी और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए क्या कदम उठाएगी। केवल निराशा का वातावरण बनाने से युवाओं का विश्वास नहीं जीता जा सकता। इसी तरह राहुल गांधी ने मतदाता सूची और एसआईआर प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए हैं। चुनावी व्यवस्था में पारदर्शिता होनी चाहिए और निर्वाचन आयोग को हर उचित सवाल का जवाब देना चाहिए। लेकिन किसी भी संवैधानिक संस्था



पर आरोप लगाने से पहले उसके समर्थन में प्रमाण प्रस्तुत करना भी जरूरी है। यदि कांग्रेस के पास मतदाता सूची में गड़बड़ी या चुनावी अनियमितता से जुड़े दस्तावेज हैं तो उन्हें निर्वाचन आयोग के सामने रखना चाहिए। जरूरत पड़ने पर न्यायालय का रास्ता अपनाना चाहिए। लोकतंत्र में आरोप लगाने की स्वतंत्रता के साथ प्रमाण देने की जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है।

बिना ठोस आधार के बार-बार संदेह जताने से मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की आलोचना करना राहुल गांधी के लिए नया नहीं है। राजनीतिक विरोध और वैचारिक मतभेद लोकतंत्र की स्वाभाविक प्रक्रिया है। कांग्रेस की अपनी विचारधारा है और उसे उसे जनता के सामने रखने का पूरा अधिकार है। लेकिन हर मुद्दे को मोदी, शाह या संघ के विरोध से जोड़ देने से जनता की मूल समस्याओं पर चर्चा कमजोर पड़ जाती है। देश की राजनीति व्यक्तियों के विरोध से आगे बढ़कर नीतियों और विकास के विकल्पों पर केंद्रित होनी चाहिए। यहां एक बड़ा सवाल कांग्रेस नेतृत्व से भी है। राहुल गांधी के बयानों को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेता आखिर चुप क्यों रहते हैं? क्या कांग्रेस में कोई ऐसा मंच नहीं है जहां विदेश में दिए गए बयानों की समीक्षा हो सके? क्या पार्टी नेतृत्व यह नहीं देखता कि इस तरह के बयानों से आम मतदाता के बीच क्या संदेश जाता है? किसी भी राजनीतिक दल में नेतृत्व की बात महत्वपूर्ण होती है, लेकिन पार्टी की सामूहिक जिम्मेदारी भी कम नहीं होती। कांग्रेस को अपने नेता के हर बयान का समर्थन करने के बजाय तथ्यों के आधार पर आत्ममंथन करना चाहिए। यदि किसी बयान से देश के भीतर या बाहर गलत संदेश जाता है तो उस पर स्पष्टता देना पार्टी का दायित्व है। कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती जनता का विश्वास दोबारा हासिल करने की है। 2014 से पहले भ्रष्टाचार के अनेक आरोप और विवाद तत्कालीन सरकार के सामने बड़ी चुनौती बन गए थे। जनता ने चुनाव में अपना निर्णय सुनाया और सत्ता परिवर्तन हुआ। इसके बाद भी कांग्रेस अपने संगठन और राजनीतिक कार्यशैली में अपेक्षित बदलाव नहीं कर पाई। केवल प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करने से पार्टी का खोया जनाधार वापस नहीं आने वाला। जनता को यह जानना है कि कांग्रेस के पास देश के विकास, रोजगार, शिक्षा, किसान, मजदूर और मध्यमवर्ग के लिए कौन सी नई योजनाएं हैं। राजनीति में विरोध करना आसान है, लेकिन जनता के सामने भरोसेमंद विकल्प रखना कठिन जिम्मेदारी है। राहुल गांधी को यह समझना होगा कि मतदाता अब केवल भाषण सुनकर निर्णय नहीं करता। वह काम, नेतृत्व, नीतियों और भविष्य की योजनाओं को भी देखता है। विदेश में जाकर भारत की कमियां गिनाने के बजाय उन्हें यह बताना चाहिए कि उन कमियों को दूर करने के लिए उनकी पार्टी क्या करेगी। सरकार को भी आलोचनाओं का जवाब तथ्यों और अपने काम के आधार पर देना चाहिए। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की अपनी भूमिका है। देश की छवि किसी एक राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं है। सरकार की गलतियों पर सवाल उठना चाहिए और विपक्ष की गलतियों पर भी चर्चा होनी चाहिए। राहुल गांधी को यह समझना होगा कि लगातार आरोप लगाने से मतदाताओं का दिल नहीं जीता जा सकता।

कांग्रेस को भी अपने नेतृत्व से यह सवाल पूछना चाहिए कि आखिर पार्टी देश को कौन सा रास्ता दिखाना चाहती है। जनता को आरोपों की राजनीति नहीं, समाधान की राजनीति चाहिए। अब समय आ गया है कि राहुल गांधी केवल समस्याओं की सूची पेश करने के बजाय उनका व्यावहारिक समाधान बताएं।

मंथन

राज कुमार सिन्हा



जलवायु सम्मेलन से आगे जवाबदेही की चुनौती

तुर्की के अंतालया में 9 से 20 नवंबर 2026 तक आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कोप 31) का मुख्य ध्यान वादों को जमीनी अमल में बदलने का रहा। मेजबान तुर्की ने 2035 तक दुनिया की कुल ऊर्जा जरूरतों का 35% हिस्सा बिजली से पूरा करने का प्रस्ताव रखा है, ताकि जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटे। पिछले सम्मेलन में शुरू किए वन संरक्षण कोष को आगे बढ़ाने और राजनीतिक समर्थन मजबूत करने पर जोर दिया गया है। आगे के लिए हरित उद्योग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), जैव विविधता, समुद्री संरक्षण, विज्ञान और युवा भागीदारी को नीतिगत क्रियान्वयन से जोड़ना आगे की प्रमुख दिशा है। सम्मेलन में भारत ने 1.5 डिग्री तापमान वृद्धि को पार करने की संभावना से पैदा हो रही चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के सामूहिक प्रयासों में कोई भी पीछे न छूटे, यह सुनिश्चित करने के लिए समानता अत्यंत आवश्यक हो गई है। भारत ने वैश्विक जलवायु कार्रवाई में अपना उचित योगदान देने के साथ-साथ अपने लोगों के विकास और कल्याण को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत ने यह भी कहा कि 'न्यायसंगत बदलाव' और अनुकूलन संबंधी जरूरतों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती है, खासकर विकासशील देशों के लिए, जहां ये मुद्दे विकास की चुनौती के साथ गहराई से जुड़े हुए हैं। जलवायु वित्त के मामले में, भारत ने जोर दिया कि विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई को बढ़ावा देने और उनकी कमजोरियों को दूर करने के लिए अनुकूलन वित्त को मजबूत करने में विकसित देशों से मिलने वाला सार्वजनिक वित्त केंद्रीय भूमिका निभाता है। भारत ने पेरिस समझौते के अनुच्छेद 9.1 के महत्व को रेखांकित किया, जो विकसित देशों के लिए यह दायित्व तय करता है कि वे विकासशील देशों को वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराएं। पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिसे 12 दिसंबर 2015 को फ्रांस के पेरिस में (कोप - 21) अपनाया गया और यह 4 नवंबर 2016 को लागू हुआ। इसका मुख्य लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से $2^{o}C$ से काफी नीचे रखना और इसे $1.5^{o}C$ तक सीमित करने का प्रयास करना है। इस समझौते में 194 देश और यूरोपीय संघ (कुल 195 पक्षकार) शामिल हैं। 4 नवंबर 2026 को इस समझौते के लागू होने के 10 वर्ष पूरे हुए हैं। यह समझौता ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम करने, जलवायु प्रभावों के प्रति अनुकूलन बढ़ाने और विकासशील देशों को वित्तीय व तकनीकी सहायता देने पर केंद्रित है। कोप-31 के बाद सबसे बड़ी चुनौती वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं को ठोस नीतियों और जमीनी कार्रवाई में बदलने की होगी। इसके लिए विकसित देशों को अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए विकासशील देशों को पर्याप्त, सुलभ और अतिरिक्त जलवायु वित्त उपलब्ध कराना होगा। विशेष रूप से अनुकूलन, जलवायु आपदाओं से होने वाले नुकसान और क्षति तथा तकनीकी सहयोग के लिए वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक है। भविष्य की जलवायु रणनीति में जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने, सौर एवं पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देने और ऊर्जा की मांग को अधिक टिकाऊ तरीके से पूरा करने पर जोर देना होगा। इसके साथ ही ऊर्जा उत्पादन और उपभोग की ऐसी नीतियां विकसित करनी होंगी, जिनसे पर्यावरणीय नुकसान, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ता दबाव कम हो। जंगलों, नदियों, समुद्रों, जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण इसका अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। आदिवासी, किसान, मछुआरे और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर समुदायों के पारंपरिक ज्ञान, अधिकारों और भागीदारी को जलवायु नीतियों में उचित स्थान देना आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए स्थानीय स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण, टिकाऊ कृषि, वन संरक्षण और आजीविका सुरक्षा की योजनाओं को मजबूत करना होगा।

जीवन दर्शन

भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाति बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कहीं स्तरों पर, कहीं रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

प्रेरणा

बच्चे की राजा को 4 शर्तें



संकलित

एक बार एक राजा नगर भ्रमण को गया तो रास्ते में क्या देखता है कि, एक छोटा बच्चा माटी के खिलौने को कान में कुछ कहता फिर तोड़ कर माटी में मिला रहा है। राजा को बड़ा अचरज हुआ तो उसने बच्चे से पूछा कि तुम ये सब क्या कर रहे हो? तो बच्चे ने जवाब दिया कि मैं इन से पूछता हूँ कि कभी राम नाम जपा? और माटी को माटी में मिला रहा हूँ। तो राजा ने सोचा इतना छोटा सा बच्चा इतनी ज्ञान की बात..राजा ने बच्चे से पूछा कि तुम मेरे साथ मेरे राजमहल में रहोगे? तो बच्चे ने कहा कि जरूर रहूंगा पर मेरी चार शर्त है। 0 जब मैं सोऊं तब तुम्हें जागना पड़ेगा। मैं भोजन खाऊंगा तुम्हें भूखा रहना पड़ेगा। 0 मैं कपड़े पहनूंगा मगर तुम्हें नग्न रहना पड़ेगा। 0 और जब मैं कभी मुसीबत में होऊं तो तुम्हें अपने सारे काम छोड़ कर मेरे पास आना पड़ेगा। आप यदि हमारी ये सभी शर्तें मानते हैं, तो मैं आपके राजमहल में चलने को तैयार हूँ। राजा ने कहा कि ये तो असम्भव है। तो बच्चे ने कहा राजन तो मैं उस परमात्मा का आसरा छोड़ कर आपके आसरे क्यूँ रहूँ। जो खुद नग्न रहकर मुझे पहनाता है। खुद भूखा रह कर मुझे खिलाता है। खुद जागता है और मैं निश्चिंत सोता हूँ। और जब मैं किसी मुश्किल में होता हूँ, तो वो बिना बुलाए मेरे लिए अपने सारे काम छोड़ कर दौड़ा आता है। कहने का भाव केवल इतना सा है कि हम लोग सब कुछ जानते समझते हुए भी बेकार के विषय विकारों में उलझ कर परमात्मा को भुलाए बैठे हैं।

अंतर्मन



आज की पाती

डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ता जाल

डिजिटल क्रांति ने अरबों को आसानलाभ, बैंकिंग लाभप्रद और आर्थिक जीवन को नई गति दी है। आज मोबाइल फोन के माध्यम से पैसे भेजना, बिलों का भुगतान करना, खरीददारी करना और सरकारी सेवाओं का लाभ उठाना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो गया है। यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग और डिजिटल वॉलेट ने वित्तीय लेन-देन को आम आदमी की पहुंच में ला दिया है। लेकिन इस तस्वीर के साथ एक दूसरी तस्वीर भी तेजी से उभरी है- साइबर धोखाधड़ी। तकनीक ने जहां आर्थिक गतिविधियों को सरल बनाया है, वहीं उपभोक्ताओं का लोगों की मेहनत की कमाई तक पहुंचने के नए रास्ते भी उपलब्ध कराए हैं। आज साइबर अपराध केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक विश्वास और कानून व्यवस्था से जुड़ा गंभीर प्रश्न बन चुका है। - संजीव चाहू, राजनांदगांव

ट्रेंड

अर्थशॉट प्राइज



देश के वैज्ञानिकों और वैज्ञानिकों से निकटता बढ़ी है। जलवायु संबंधी प्रतिबद्धताओं को पालन देने और वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में भारतीय नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए 'अर्थशॉट प्राइज' के पुरस्कारों की घोषणा करता हूं। - नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

प्रेम का अनुभव



डर, क्रोध और नफरत ने भारत और अर्थव्यवस्था सहयोगियों के दिलों में एक ऐसा जख्म कर दिया है, जो उन्हें धीरे-धीरे अंदर से खोखला करने और उसे खत्म करने में लगा है। हम सभी हिंदू के नाते, मेरा कर्तव्य है कि मैं उनके इस जख्म से मुक्त करूँ, ताकि वे भी आपके जीवन में प्रेम का अनुभव कर सकें। - राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

आत्मनिर्भरता की पहचान



यूपीआई से लेकर स्पेस्टी पेमेंट्स, बंदरगाह से लेकर हवाईअड्डे और तेजस तक, जिन उपलब्धियों पर कभी तोड़ उड़ाया जाता था, आज वही भारत की ताकत और आत्मनिर्भरता की पहचान बन चुकी है। - संजय सारिया, राव सरकार, जयपुर

गंदी राजनीति



दिल्ली पुलिस कहीं खुद जज तो है कि जज के दिमाग में पहली जलाने की घटनाओं में लगी कभी तो है। पुलिस से, ये और उनकी पार्टी, कांग्रेस के इस सिलसिले, गंदी राजनीति के तहत दिल्ली दंगा के षड्यंत्र को अंजाम-कुछ कहते रहते हैं। - अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

डच चित्रकार वैन गॉग की पेंटिंग ने बिक्री का नया रिकॉर्ड बनाया

विंसेंट वैन गॉग की एक पेंटिंग ने इस डच चित्रकार की नीलामी के सभी पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और यह कृति 19.04 करोड़ अमेरिकी डॉलर की भारी-भरकम कीमत पर नीलाम हुई है। नीलामी घर सोदबी ने कहा कि 'वेस्टनर ट्रीज इन ब्लॉसम' नामक पेंटिंग के विक्रेता और इसके पिछले यहूदी मालिकों के बीच एक समझौते के बाद बुधवार को न्यूयॉर्क में इस रचना की बिक्री की प्रक्रिया आगे बढ़ी। साल 1890 में प्रसिद्ध कलाकार की मृत्यु से पहले की अंतिम कृतियों में से एक, यह पेंटिंग नाजी जर्मनी के दौर की लूट का हिस्सा होने के खिताब में घिरी हुई थी।



ऑफ बीट

आम पकने के पहले ही क्यों गिर जाते हैं ?

ऑस्ट्रेलिया में हर मौसम में आम उत्पादकों को उस समय भारी नुकसान होता है, जब पेड़ से बड़ी संख्या में फल पकने से पहले ही गिर जाते हैं। शोध में वैज्ञानिकों ने पाया है कि तनाव के दौरान पेड़ों में हार्मोनल असंतुलन और कार्बोहाइड्रेट की कमी पैदा हो जाती है। फल के विकास के लिए आवश्यक शर्करा की आपूर्ति बाधित होने पर पेड़ अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और फल गिर जाता है। शोधकर्ताओं ने इसे एक आणविक "स्विच सिग्नल" बताया है, जो पेड़ को फल का साथ छोड़ने का संकेत देता है। यह संकेत जीन गतिविधि और हार्मोनल संकेतों के जटिल नेटवर्क से जुड़ा है।



संक्षेप

बेटी का शव चौराहे पर रखकर परिजनों ने लगाया जाम

आरोपियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार नहीं; एक दिन पहले फंदे से लटका मिला था शव

अमेठी , शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोरी की मौत के मामले में शुक्रवार को परिजनों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। शुक्रवार सुबह वे शव लेकर रामगंज चौराहे पहुंच गए और सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। परिजन चारों आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक बेटी का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। प्रदर्शन की सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने में जुट गए। शव सड़क पर रखकर शुरू किया प्रदर्शन सेमरौता गांव निवासी शिखा (15) की मौत के मामले में परिजन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। शुक्रवार को भी मांग पूरी नहीं होने पर परिजन शव लेकर रामगंज चौराहे पहुंच गए। यहां शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों का कहना है कि जब तक चारों आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। चौराहे पर प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारी परिजनों से बातचीत कर उन्हें मनाने का प्रयास कर रहे हैं। पिता ने चार लोगों पर लगाया हत्या का आरोपशिखा के पिता सतीश कुमार ने चार लोगों पर बेटी की हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और उन्हें गिरफ्तार किया जाए। शिखा का शव घर के आंगन में साड़ी के फंदे से लटका मिला था। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया था कि मामले की जांच की जा रही है।

अमेठी के 115 केंद्रों पर धान खरीद जारी

6,167.90 मीट्रिक टन धान खरीदा, किसानों को 15.17 करोड़ रुपए का भुगतान

अमेठी , 1 नवंबर से शुरू धान खरीद की प्रक्रिया लगातार जारी है। जिले के 115 धान खरीद केंद्रों पर किसान अपने धान को बेच रहे हैं। शासन ने जिले को 153000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य दिया है। जिसमें अब तक 4 प्रतिशत से अधिक की धान खरीद हो गई है और किसानों को 15 करोड़ रुपए से ज्यादा का भुगतान किया जा चुका है। प्रशासन ने भी किसानों से सरकारी क्रय केंद्रों पर धान बेचने की अपील की है। 1 लाख 53 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया डिप्टी आरएमओ प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि एक नवंबर से जिले में 115 क्रय केंद्रों पर धान की खरीद लगातार चल रही है।

जिले को धान खरीदने के लिए 1 लाख 53 हजार मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का किया भव्य स्वागत

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ शिवपुर के तत्वावधान में ब्लॉक संसाधन केंद्र बरदहा बाजार में नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष पंकज वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया।



इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए सभी को आपसी समन्वय, सहयोग एवं सकारात्मक सोच के साथ मिलजुलकर कार्य करना चाहिए। हम सभी का सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि शिक्षा के क्षेत्र में शिवपुर सदैव अग्रणी बना रहे। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा शैक्षिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

वहीं ब्लॉक अध्यक्ष पंकज वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक परिवार भी खण्ड शिक्षा अधिकारी से पूरी आत्मीयता एवं सकारात्मक भाव के साथ जुड़ा रहेगा तथा भविष्य में आने वाले सभी विभागीय आदेशों एवं निदेशों का तत्परता से पालन करेगा। उन्होंने कहा कि हमें आपसे केवल इतना अपेक्षित है कि आपका स्नेह, आशीर्वाद एवं सहयोग सभी शिक्षकों को निरंतर मिलता रहे, जिससे हम सब मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर सकें।

इस अवसर पर जूनियर शिक्षक संघ मंत्री शिवपुर रंजीत कुमार श्रीवास्तव, सरोजनी मिश्रा, अजय कुमार वर्मा, अयोध्या प्रसाद वर्मा, सतेंद्र कुमार यादव, विजय सिंह, अशोक सोनकर, देवेंद्र सिंह, राज कुमार सिंह, राजीव गुप्ता, हेमंत यादव, अमरजीत सिंह, बृजेश चौहान, शिव शंकर गौतम, पप्पी कुमार, अनिल कुमार गुप्ता महासंघ के पदाधिकारी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सौहार्दपूर्ण, आत्मीय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में राज कुमार रावत जी द्वारा संचालन किया गया।

श्याम जयंती पर रुपईडीहा में निकली भव्य रथ यात्रा, श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर

रुपईडीहा, बहराइच। चैयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य ने किया शुभारंभ) रुपईडीहा (बहराइच)। श्याम जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को रुपईडीहा में भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित नगर के अनेक संभ्रांत नागरिकों एवं श्याम भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने स्वयं रथ को खींचकर नगर भ्रमण कराया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम प्रेमियों द्वारा रुपईडीहा के माल गोदाम रोड पर श्याम जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के क्रम में प्रातःकाल श्याम भक्तों द्वारा निशान यात्रा निकाली गई। निशान लेकर श्रद्धालु नेपालगंज स्थित श्याम मंदिर पहुंचे, जहां विधि-



विधान से निशान अर्पित किया गया। वहीं, शाम पांच बजे रुपईडीहा से भव्य रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे नगर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्रद्धालु भक्ति और उत्साह के साथ जयकारे लगाते हुए रथ यात्रा में आगे बढ़ते रहे। आयोजन को लेकर श्याम भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

विधानसभा निर्वाचन 2027 की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने एईआरओ एवं बीएलओ के साथ की समीक्षा बैठक

अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा



बहराइच। आगामी विधानसभा निर्वाचन 2027 के दृष्टिगत उप जिलाधिकारी सदर मोनालिसा जौहरी ने विधानसभा क्षेत्र 286 के अएफड एवं इछड के साथ बैठक कर मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में एसडीएम ने मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाए जाने पर विशेष जोर देते हुए निर्देशित किया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में प्राथमिकता के आधार पर शामिल कराया जाए। साथ ही मृतक मतदाताओं के नाम नियमानुसार सूची से हटाने तथा मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) में दर्ज त्रुटियों को समयबद्ध तरीके से संशोधित कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी AERO एवं BLO को अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर संपर्क कर पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि या अपूर्णता न रहने देने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने के लिए शुद्ध एवं समावेशी मतदाता सूची अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी निर्वाचन कार्मिक पूरी जिम्मेदारी, तत्परता एवं गंभीरता के साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों का निर्वहन करें, ताकि विधानसभा निर्वाचन 2027 की तैयारियां समयबद्ध एवं सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

कैसरगंज में यातायात नियमों की उड़ रही धज्जियां, ई-रिक्शा पर मासूम बच्चों की जान जोखिम में

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कस्बे के मुख्य बाजार में बैटरी ई-रिक्शा चालकों की मनमानी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक बैटरी ई-रिक्शा के पिछले हिस्से पर चार से पांच मासूम बच्चे लटककर सफर कर रहे हैं। जरा सी चूक इन बच्चों के लिए बड़े हादसे का कारण बन सकती है। कैसरगंज मुख्य बाजार में हजारों की संख्या में ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं। आरोप है कि कुछ चालक यातायात नियमों को ताक पर रखकर सवारियों के साथ-साथ छोटे-छोटे बच्चों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने और रिक्शे के पिछले हिस्से पर बच्चों को लटकाकर चलाने का यह नजारा सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। वीडियो सामने आने के बाद लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसे लापरवाह ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई कब होगी? क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है? कैसरगंज पुलिस और यातायात विभाग ऐसे चालकों के खिलाफ कब अभियान चलाएंगे? अब जरूरत है कि पुलिस और यातायात विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ चालान और सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि मासूम बच्चों और आम राहगीरों की सुरक्षा से खिलवाड़ न हो सके।

अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। क्षेत्र में बीते गुरुवार रात्रि हुए एक सड़क हादसे में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल 45 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर पहुंची बाबागंज चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान दुविधापुर निवासी लल्लू गौतम (45) पुत्र दाताराम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, लल्लू गौतम किसी काम से घर से बाहर निकले थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें गांव के मोड़ के पास जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।चौकी इंचार्ज बाबागंज की मदद से गंभीर रूप से घायल लल्लू को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया। हालांकि, चोटें गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से फरार वाहन और चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

ईवीएम मशीन से मतदान का दिया गया प्रशिक्षण, एसडीएम ने खुद डेमो देकर मतदाताओं को किया जागरूक

तहसील परिसर कैसरगंज में आयोजित हुआ ईवीएम प्रशिक्षण एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से शुक्रवार को तहसील परिसर कैसरगंज में ईवीएम प्रशिक्षण एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रशांत कुमार नायक ने स्वयं ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान का डेमो देकर लोगों को मतदान की पूरी प्रक्रिया समझाई। इस दौरान उपस्थित लोगों को ईवीएम मशीन के संचालन, मताधिकार के सही प्रयोग तथा मतदान प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया गया। एसडीएम ने लोगों को बताया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे मतदान के प्रति जागरूक रहें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को ईवीएम के प्रति जागरूक करने के साथ ही निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया गया।

मोतीपुर प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ को एसपी ने किया सम्मानित

बेहतरीन पुलिसिंग व्यवस्था के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

मिथिलेश जायसवाल

अमन लेखनी समाचार



मोतीपुर, बहराइच। थाना मोतीपुर में तैनात प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ को पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया यह ।प्रशस्ति पत्र उनके द्वारा गणेश चतुर्थी दुर्गा पूजा दशहरा दीपावली छठ पूजा के साथ ही क्षेत्र में बेहतरीन पुलिसिंग व्यवस्था के लिए दिया गया साथ ही पिछले दिनों क्षेत्र में हुई गोकशी का सफल निस्तारण और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में मिली सफलता पर एसपी ने प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मा गौड़ की पीठ थपथपाते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सिपाही दीपेश को बेहतर कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। मटेरा थाने में तैनात सिपाही दीपेश जायसवाल को बेहतर कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। आपको बताते चलें कि मटेरा थाना क्षेत्र में नमाज पढ़ कर वापस लौट रहे एक व्यक्ति की चाकू मार कर हत्या कर दी गई थी जिसमें माननीय न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई जिसके परिणाम स्वरुप अभियोग में अभियुक्त आलोक को आजीवन कारावास व एक लाख रुपए का अर्थ दंड लगाया गया। सिपाही द्वारा इस हृदय विदारक प्रकरण में जिस संवेदनशीलता कर्तव्य निष्ठा एवं विधिक दक्षता के साथ कार्य किया गया उसे न केवल पीड़ित को न्याय मिला बल्कि समाज में स्पष्ट संदेश भी गया कि ऐसी अमानवीय कृति के लिए कठोरता सजा सुनिश्चित है ।पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सिपाही दीपेश जायसवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हैं उज्जवल भविष्य की कामना की है। सिपाही दीपेश ने बताया कि सम्मान से और भी बेहतर कार्य करने की ऊर्जा मिलती है ।उन्होंने पुलिस अधीक्षक का भी आभार व्यक्त किया।



डीएम-एसपी ने ट्रैक्टर-ट्रालियों पर लगवाए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप

सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत किसानों को किया जागरूक, हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने की अपील

अमन लेखनी समाचार




फखरपुर, बहराइच। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत कोहरे और धुंध में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने पारले चीनी मिल परसेंडी में ट्रैक्टर-ट्रालियों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए।पेराई सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर अधिकारियों ने किसानों के ट्रैक्टर-ट्रालियों पर टेप लगाकर मिल प्रबंधन को गन्ना ढुलाई में लगे सभी वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने के निर्देश दिए।इस दौरान डीएम और एसपी ने किसानों एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बाइक चलाते समय हेलमेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने की अपील की। डीएम ने कहा कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

आधा दर्जन लोगों ने बाइक सवार को घेरकर पीटा

लाठी-डंडों से हमला कर बाइक तोड़ी, मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़, बेलखरनाथ धाम। कंधई थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम तीन बजे के करीब रास्ते में बाइक सवार युवक को घेरकर मारपीट करने और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आधा दर्जन लोगों ने युवक को रास्ते में रोककर पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपितों ने उसकी बाइक भी तोड़ दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, बेलखरनाथ धाम विकास खंड क्षेत्र के लौआर गांव निवासी राहुल तिवारी पुत्र उमाशंकर अपनी एचएफ डीलक्स बाइक से दोस्त दिनेश मिश्रा के घर पूरेचिरंजीव गांव जा रहे थे। इसी दौरान गांव के समीप रास्ते में आधा दर्जन लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि रोकने के बाद आरोपितों ने राहुल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने मिलकर उन पर हमला बोल दिया।पीड़ित के मुताबिक, हमलावरों ने लात-घूंसों के साथ लाठी-डंडों से उनकी पिटाई की। अचानक हुए हमले से वह संभल नहीं सके। मारपीट के दौरान आरोपितों ने उनकी बाइक को भी निशाना बनाया और तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रास्ते में बाइक सवार युवक के साथ हुई मारपीट की जानकारी मिलने पर इलाके में भी चर्चा शुरू हो गई। घटना के बाद राहुल तिवारी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

धीरेंद्र शास्त्री ने हिंदू-एकता के लिए जीने की अपील की

हिंदू समाज से एकजुट और सनातन परंपराओं की रक्षा के लिए आगे आने को कहा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , कुंडा स्थित बेंती में तीन दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के अंतिम दिन पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदू एकता और सनातन धर्म की मजबूती का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व और हिंदू एकता के लिए जीने वाला व्यक्ति जीते जी विभूति बनता है। कथा से पहले मंच से उन्होंने लोगों से पूछा कि उन्हें जीते जी भभूति बनना है या विभूति।

खाने-पीने और लड़ने में न बीते जीवन

शास्त्री ने कहा कि जलने के बाद शरीर भभूति बन जाता है, जबकि हिंदू एकता के लिए जीने वाला व्यक्ति जीते जी विभूति बनता है। उन्होंने कहा कि यदि पूरा जीवन खाने-पीने, लड़ने और मरने में ही बीत गया तो कुछ हासिल नहीं होगा। हर व्यक्ति को तय करना होगा कि उसे भभूति बनना है या विभूति।

सनातन परंपरा चलती रहेगी

उन्होंने कहा कि संसार में जो आया है, उसे एक दिन जाना है और जो मिलता है, उसे खोना भी पड़ता है। सुख के साथ दुख और दिन के साथ रात तय है। शास्त्री ने कहा कि पाप के साथ पुण्य और प्रथा के साथ कथा को कोई नहीं रोक सकता। सनातन धर्म की परंपरा भी निरंतर चलती रहेगी।

बाबा शक्तिनारायण मौर्य का कराया सम्मान

इस दौरान शास्त्री ने मंच पर मौजूद संत-महात्माओं और हिंदुत्व के लिए काम करने वाले लोगों का स्वागत किया। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन के दौरान चर्चित नारा 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' लिखने वाले बाबा शक्तिनारायण मौर्य की सराहना की। शास्त्री ने लोगों से तालियां बजवाकर उनका सम्मान कराया। रामकथा के मंच से उन्होंने हिंदू समाज से एकजुट रहने और सनातन परंपराओं की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की।

संक्षेप

दो महिला पुलिसकर्मियों ने खेलों में पदक जीते

बेबी ने ऊंची कूद में प्रथम और तृतीय स्थान पाया, एसपी ने सम्मानित किया

बागपत , पुलिस की दो महिला पुलिसकर्मियों ने खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। महिला आरक्षी बेबी और महिला मुख्य आरक्षी रचना ने अलग-अलग पुलिस खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दोनों की उपलब्धियों पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। महिला आरक्षी बेबी ने 16 से 18 सितंबर 2026 तक पुलिस लाइन्स सहारनपुर में आयोजित 29वीं अंतर जनपदीय मेरठ जोन एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। उन्होंने ऊंची कूद और एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद 27 से 31 अक्टूबर तक 35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ में आयोजित 74वीं उत्तर प्रदेश पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स क्लस्टर प्रतियोगिता में मेरठ जोन की टीम की ओर से प्रतिभाग किया। इसमें उन्होंने ऊंची कूद प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया।वहीं महिला मुख्य आरक्षी रचना ने भी खेल के मैदान में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने 11 से 13 फरवरी 2026 तक डॉ. भीमराव अंबेडकर मिनी स्टेडियम सहारनपुर में आयोजित अंतर जनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इसमें 70 किलोग्राम भारवर्ग की आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर उपलब्धि हासिल की। दोनों महिला पुलिसकर्मियों की इन उपलब्धियों पर पुलिस अधीक्षक बागपत पूर्णेन्दु सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आगे भी इसी तरह मेहनत एवं लगन के साथ प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

विवाहिता की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई

भाई ने एसपी से की शिकायत, जांच दूसरे अधिकारी से कराने की मांग

बागपत , विवाहिता की हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतका के भाई ने पुलिस अधीक्षक ऑफिस पहुंचा और शिकायत कर निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।पीड़ित ने मामले की विवेचना दूसरे अधिकारी से कराने की भी मांग उठाई है।पीड़ित आजाद पुत्र इरफान निवासी गांव आसिफपुर खड़खड़ी, थाना बड़ौत ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी बहन रुबीना की शादी 15 दिसंबर 2023 को मुजफ्फरनगर जिले के पुरबालियान गांव निवासी अलीशान पुत्र नाजिम अली के साथ हुई थी। आरोप है कि 22 अक्टूबर 2026 को उसकी बहन की हत्या कर दी गई। इस मामले में पति अलीशान, सास, देवर सुहेल, ननद सहराना और रिश्तेदारों समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया है। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों के खिलाफ कोतवाली बड़ौत में 24 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज कराया गया था।मामले में कोर्ट में 164 के तहत बयान भी दर्ज हो चुके हैं और विवेचना सीओ बड़ौत अरुण जैन कर रहे हैं। आजाद का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अभी तक न तो मुख्य आरोपी अलीशान का पीसीआर लिया गया।

भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को मतदाता सूची पर देना होगा विशेष ध्यान -- रेखा मिश्रा

अमन लेखनी समाचार



जहानाबाद, फतेहपुर , जनपद के जहानाबाद विधानसभा अंतर्गत मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्षा एवं जहानाबाद विधानसभा संयोजिका रेखा मिश्रा द्वारा की गई बैठक में मौजूद जहानाबाद विधानसभा के विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि मतदाता पुनरीक्षण हमें तथा हमारी पार्टी को मजबूती प्रदान करता है इसलिए मतदाता सूची पर सभी कार्यकताओं को विशेष ध्यान देना होगा वही अध्यक्षता कर रही जिला उपाध्यक्षा रेखा मिश्रा ने पार्टी के कार्यकताओं को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की पुनरीक्षण अभियान में मतदाता सूची अंतर्गत लापरवाही दिखाई दी तो इसके जिम्मेदार संगठन पार्टी के कार्यकर्ता होंगे वहीं रेखा मिश्रा ने कहा कि सभी पदाधिकारी पार्टी के लिए कटिबद्ध होकर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को संभालते हुए घर-घर पहुंचे तथा मतदाता सूची का सत्यापन कराऐ ज्यादा से ज्यादा नए मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास करें वही मतदाता सूची में मिलने वाली त्रुटियां का भी तुरंत संशोधन कराया जाए यह लोकतंत्र की मजबूती का एक महत्वपूर्ण अभियान है इस पर किसी भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी को लापरवाही करना उचित नहीं होगा वही कार्यक्रम में मौजूद जहानाबाद विधानसभा प्रभारी सुनील तिवारी ने मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया समेत संशोधन तथा नाम बढ़ाने की जानकारी विधिवत रूप से सभी कार्यकताओं को प्रदान की मौजूदा पार्टी के पदाधिकारियों ने वर्तमान सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार जानकारियां देते हुए बताया कि अभी तक कुछ ऐसे पात्र हैं जिन्हें सरकारी योजनाओं का पूरी तरह से लाभ नहीं मिल पा रहा है वही बीच में ही बिचौलियों द्वारा पात्रों का शोषण किया जा रहा है इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाए इस मौके पर बैठक के दौरान मंडल अध्यक्ष नितिन कुमार देवेंद्र अवस्थी आशुतोष अग्निहोत्री रोहन श्रीवास्तव आशुतोष मौर्या गीता गुप्ता मनोनीत सभासद राजेश वाजपेई समेत भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे आए हुए सभी पदाधिकारियों का जिला उपाध्यक्षा रेखा मिश्रा ने सादर आभार व्यक्त किया

रक्त रंजित मिला लोडर चालक का चारपाई में शव मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर , जनपद के खागा कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव रोशनपुर टेकारी में कल शुक्रवार भोर पहर एक युवक का शव चारपाई में मृत अवस्था में मिला मिली जानकारी के अनुसार जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव मालादेई निवासी 25 वर्षीय युवक प्रदीप रैदास पुत्र रामचंद्र विगत लगभग 8 वर्षों से अपने ननिहाल रोशनपुर टेकारी थाना कोतवाली खागा में निवास कर रहा था हाल ही में लगभग 2 वर्ष पहले एक चार पहिया वाहन लोडर खरीद कर भाड़ा ढोकर स्वयं अपना तथा ननिहाल पक्ष के परिवार का पालन पोषण करता था विगत दिवस गुरुवार को गांव के कुछ लड़कों को लोडर में लेकर डीजे संचालित करने के लिए युवक एक बारात में गया था देर रात वापस होने के बाद घर के बाहर खड़ी चारपाई बिछाकर युवक लेट गया वही सुबह उठने पर प्रथम दृष्टया युवक की मामी उर्मिला ने देखा कि युवक प्रदीप का शव खून से लथपथ चारपाई में पड़ा हुआ है वही रक्त रंजित शव देखकर महिला ने शोर मचाया तथा आसपास के लोग व परिजन मौके पर इकट्ठा हो गए पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई वहीं खागा कोतवाली प्रभारी संजय पाण्डेय मौके पर पहुंचे जहां परिजनों ने दिखाया कि चारपाई के कुछ दूर पर भी खून पड़ा हुआ था जिससे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया वही जानकारी दी कि युवक लगभग 3 वर्ष पहले गांव की ही एक किशोरी को अगवा करने के आरोप में जेल भी गया था जो जमानत पर था मुकदमे की तारीख भी गुरुवार को ही थी जहां न्यायालय के बाहर विपक्षियों ने उसे धमकाया भी था खागा कोतवाली प्रभारी संजय पाण्डेय ने प्रारंभिक जांच करते हुए बताया कि परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है जहां प्रथम जांच में जहरीले पदार्थ के सेवन करने से खून की पल्टी होने से भी मौत होने की आशंका जताई जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

नीम के पेड़ में लटकी मिली महिला फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर ,जनपद के किशुनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बरौलिया निवासी 40 वर्षीय महिला संगीता पत्नी रामसुमेर पासवान ने घर के बाहर खड़े नीम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली कल शुक्रवार सुबह पहर लोगों ने देखा तो हाहाकार मच गया वहीं सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष कौशांबी जनपद के सिराथू थाना क्षेत्र लोहदा परास गांव निवासी कारी पासवान ने गृह कलह के कारण बेटी की आत्महत्या बताई पिता ने बताया कि गुरुवार सुबह मृतका बेटी का फोन पिता के पास आया जहां उसने घर में हो रहे लड़ाई झगड़े की बात स्पष्ट की इसके बाद शुक्रवार को मायके पक्ष को सीधे मौत की सूचना मिली मृतका पति ई रिक्शा चलाकर अपनी पत्नी समेत 16 वर्षीय बेटी पायल 13 वर्षीय बेटा निखिल 8 वर्षीय बेटी शालू तथा 5 वर्षीय बेटी बाबू का भरण पोषण करता है सूचना पर पहुंची पुलिस प्रशासन किशुनपुर थाना अध्यक्ष मनीष कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही जानकारी लेने पर बताया कि मामले की जांच प्रारंभ की गई है


फाइल फोटो मृतका - संगीता देवी

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को बढ़ावा देने के लिए अधीक्षक ने निकाली जागरूकता यात्रा

हरी झंडी दिखा कर डॉक्टर पुष्कर कटियार ने कई ई-रिक्शा किये रवाना

अमन लेखनी समाचार



अमौली, फतेहपुर ,जनपद के अमौली विकासखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा सरकार द्वारा चलाए जा रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमौली के अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने कई ई रिक्शा वाहनों को जागरूकता वाहन के रूप में संचालित कर हरी झंडी दिखाते हुए आम जनमानस को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के विषय में विशेष जानकारी के लिए रवाना किया चिकित्सा अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 19 नवंबर से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को एक बड़े आकार में चलाते हुए क्षेत्र के जन-जन को स्वस्थ रखने का संकल्प लिया गया है जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत आशा कार्यकत्री आंगनवाड़ी आदि सभी कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र के मकानों पर पहुंचकर आम जनमानस को फाइलेरिया उन्मूलन की दवाएं उपलब्ध कराएंगी चिकित्सा अधीक्षक ने बताया यह दवा पूरी तरह से सुरक्षित है तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित है समाज में फैलने वाली अफवाहों में मत जाएं तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए जागरूकता निदेर्शों का पालन कर दवा का सेवन करें वहीं चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि यह दवा बीमारी से ग्रसित मरीज , अत्यंत बुजुर्ग अथवा नवजात बच्चों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं को नहीं दी जाएगी ऐसे लोग दवा का उपयोग मत करें वही जागरूकता अभियान के शुभारंभ में चिकित्सा अधीक्षक के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के अरुण कुमार पीसीआई संस्था के अमन कुमार बीसीपीएम ओमप्रकाश अभय प्रताप सिंह डॉक्टर अनिल शुक्ला समेत भारी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहीं

शादी का वादा कर युवती का 10 साल तक शोषण

मेरठ में छह लाख के जेवर और चार लाख रुपए लेने का आरोप, विरोध पर पीटा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र में एक युवती ने बिहार के युवक पर शादी का वादा कर 10 साल तक शोषण करने का आरोप लगाया है। युवती ने रात थाने में शिकायत दी। उसने आरोपी पर छह लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर और चार लाख रुपये नकद लेने का भी आरोप लगाया है। युवती के मुताबिक, वह मूल रूप से बिहार की रहने वाली है और फिलहाल परिवार के साथ लिसाड़ी गेट इलाके की एक कॉलोनी में रहती है। करीब 10 साल पहले उसकी मुलाकात बिहार के युवक से हुई थी। आरोप है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर उसका शोषण किया। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर उसके जेवर और नकद रुपये अपने पास रख लिए। जब भी वह शादी की बात करती, युवक कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देता था। युवती के मुताबिक, चार दिन पहले उसने आरोपी के मोबाइल में एक अन्य महिला की तस्वीर देखी। पूछने पर युवक ने बताया कि वह उसकी पत्नी है। युवती ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और बिहार चला गया।युवती ने आरोप लगाया कि अब फोन पर संपर्क करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी विशाल कुमार ने बताया कि युवती की शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

बंद मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

पंखा, गीजर, रसोई की चिमनी और इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद, तीन मुकदमे दर्ज

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी थाना पुलिस ने जैन कॉलोनी में बंद मकान से इलेक्ट्रिक सामान चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी किया गया पंखा, गीजर, रसोई की चिमनी समेत काफी इलेक्ट्रिक सामान बरामद किया है। आरोपी की पहचान 29 साल के नवजीत सिंह के रूप में हुई है। वह जैन कॉलोनी में ही रहता है और मूल रूप से बिजनौर के चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव शादीपुर का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार, 18 नवंबर को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि जैन कॉलोनी स्थित उसके बंद मकान से अज्ञात चोर इलेक्ट्रिक सामान चोरी कर ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने चोरी और मकान में घुसने से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम बनाई गई। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 19 नवंबर शाम करीब 5 बजे नवजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया एक सीलिंग फैन, पांच छोटे-बड़े इलेक्ट्रिक बोर्ड, आठ लाइटें, एक गीजर, एक रसोई की चिमनी और वायरिंग से निकाले गए बिजली के तार बरामद किए गए। बरामदगी के बाद मुकदमे में चोरी का सामान रखने से संबंधित धारा भी बढ़ाई गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली के करावल नगर में इलेक्ट्रिकल का काम करता है। उसे नशे की लत है और वह पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उसने बताया कि चोरी किया गया सामान बेचने की तैयारी कर रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ ट्रोनिका सिटी थाने में दर्ज मुकदमे के अलावा लोनी थाने और बिजनौर के किरतपुर थाने में भी चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

ऑन डिमांड तैयार की जा रहीं थी नकली दवाएं

खैरनगर दवा बाजार तक पहुंची सप्लाई की कड़ियां, नारकोटिक्स की नकली दवा भी मिली

अमन लेखनी समाचार



मेरठ,हिमाचल प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार का जो खेल एसटीएफ और एफएसडीए ने पकड़ा है, उसकी जड़ें देशभर के बड़े दवा बाजारों तक फैली हुई हैं। गोदामों पर छापेमारी में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि यहां पहले से दवाएं तैयार करके रखने के बजाय बाजार की मांग के मुताबिक ऑन डिमांड नकली दवाएं बनाई जा रही थीं।एसटीएफ के मुताबिक, गोदामों से ऐसी दवाएं मिली हैं, जिनकी दवा बाजार में काफी अधिक मांग है। इनमें नारकोटिक्स श्रेणी की नकली दवाएं भी शामिल हैं। फैक्ट्री संचालक सुनील कुमार पिछले एक साल में करोड़ों रुपये की नकली दवाएं देश के बड़े दवा बाजारों में खपा चुका है।इस खुलासे के बाद एशिया के सबसे बड़े दवा बाजार मेरठ के खैरनगर में भी खलबली मची हुई है। एसटीएफ की जांच में सामने आया है कि इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड सुनील कुमार है। एएसपी एसटीएफ बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक, सुनील मूलरूप से बदायूं का रहने वाला है। वह पहले भी वाराणसी में नकली दवाओं के मामले में जेल जा चुका है। इसके बावजूद उसने करीब एक साल पहले हिमाचल प्रदेश के सोलन में किराये पर मकान लेकर नकली दवाएं तैयार करने का सेटअप खड़ा कर लिया। उसने ऐसे लोगों को अपने साथ जोड़ा, जिन्हें रोजगार की जरूरत थी। किसी को पैकिंग की जिम्मेदारी दी तो किसी को तैयार माल की डिलीवरी का काम सौंप दिया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य आरोपी सुनील की तलाश जारी है। जरूरतमंदों को नौकरी का लालच देकर बनाया नेटवर्क सुनील ने नकली दवाओं का कारोबार चलाने के लिए बाकायदा कर्मचारियों का नेटवर्क तैयार किया था। इसके लिए वह ऐसे लोगों की तलाश करता था, जिन्हें काम की जरूरत हो। मोनू की मुलाकात उसके एक दोस्त ने सुनील से कराई थी। सुनील ने उसे 16 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन देने के साथ रहने और खाने की सुविधा मुफ्त देने का लालच दिया। मोनू इसके लिए तैयार हो गया। शुरूआत में उसे दवाओं की पैकिंग का काम सिखाया गया। कुछ समय बाद उसने पैकिंग की पूरी जिम्मेदारी संभाल लीमोबाइल रिपेयरिंग छोड़ डिलीवरी के काम में लगा हसीन इस नेटवर्क में दूसरा आरोपी मोहम्मद हसीन था। हिमाचल प्रदेश के बद्दी में उसकी मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान थी, लेकिन काम अच्छा नहीं चल रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात सुनील से हुई।सुनील ने उसे अपने यहां काम करने के लिए तैयार कर लिया। हसीन पिछले करीब सात महीने से इस नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। उसका काम तैयार नकली दवाओं को कुरियर और दूसरे माध्यमों से अलग-अलग जगहों पर पहुंचाना था।

इस तरह सुनील ने उत्पादन से लेकर पैकिंग और सप्लाई तक की जिम्मेदारियां अलग-अलग लोगों को सौंप रखी थीं।

नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

मुठभेड़ में पैर में लगी गोली, मामा का दोस्त बताकर साथ ले गया था

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर,ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में पारिवारिक कार्यक्रम में आई नाबालिग के साथ रेप का मामला सामने आया है। आरोप है कि परिवार के परिचित युवक ने बच्ची को बहला-फुसलाकर खेत में ले जाकर वारदात की। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने घटना के करीब दो घंटे बाद मुठभेड़ में आरोपी रोहित को गिरफ्तार कर लिया। वह पीड़िता के मामा का दोस्त बताया जा रहा है। मुठभेड़ में आरोपी घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की हालत ठीक है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। मामा का दोस्त बताया जा रहा आरोपी पुलिस के अनुसार, पीड़िता परिवार के साथ एक कार्यक्रम में आई थी। इसी दौरान रोहित उसे अपने साथ खेत में ले गया। पीड़िता उसे पहले से जानती थी और मामा कहकर बुलाती थी तलाश के लिए बनाई गई थीं टीमेंपरिजनों की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया और आरोपी की तलाश में कई टीमें लगाईं।

पुलिस ने 400 सीसीटीवी और 4000 नंबर किए ट्रैक

फ्लैट में चोरी करने वाले तीन बदमाश पकड़े, 34 लाख के जेवर, एक लाख कैश 5 लाख कराए फ्रीज

अमन लेखनी समाचार



नोएडा,नोएडा में सेक्टर-50 की द क्रीसेंट अपार्टमेंट सोसायटी में दो फ्लैटों में हुई चोरी का खुलासा करने के लिए पुलिस ने करीब 400 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके साथ ही घटनास्थल और आसपास सक्रिय रहे करीब 4 हजार मोबाइल नंबरों का विश्लेषण किया। हाईवे और जिले की सीमाओं पर लगे कैमरों की फुटेज भी जांची गई। कई दिन की पड़ताल के बाद पुलिस ने चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी प्रीति यादव ने बताया कि थाना सेक्टर-49 पुलिस ने तीनों आरोपियों को 19 नवंबर को सेक्टर-50 स्थित मेघदूतम पार्क के सामने से गिरफ्तार किया। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और दूसरी वारदातों में उनकी संलिप्तता की जानकारी जुटा रही है। इनके कब्जे से चोरी के करीब 34 लाख के जेवर, एक लाख रुपये कैश और वारदात में इस्तेमाल वैगनआर कार बरामद की गई है। आरोपियों के पास से दो फर्जी नंबर प्लेट भी मिली हैं। वहीं, एक आरोपी के बैंक खाते में चोरी की रकम से जुड़े पांच लाख रुपये फ्रीज कराए गए हैं। डीसीपी ने बताया कि 13 अक्टूबर को द क्रीसेंट अपार्टमेंट, सेक्टर-50 निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उनके फ्लैट और सोसायटी के एक अन्य फ्लैट में चोरी हुई है। चोर दोनों फ्लैटों के ताले तोड़कर कीमती सामान ले गए थे। मामले के खुलासे के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया गया था।

बारिश में कार खड़ी कर दीवार फांदकर घुसे थे बदमाश

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बंद मकानों और फ्लैटों की रेकी कर चोरी करते हैं। 11 और 12 अक्टूबर की रात तीनों अपने एक अन्य साथी के साथ वैगनआर कार से नोएडा पहुंचे थे।

सफाई के दौरान धूल उड़ी-2 कंपनियों पर 1-1 लाख जुर्माना

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने जारी किया नोटिस; 3 दिन में मांगा जवाब

अमन लेखनी समाचार



ग्रेटर नोएडा , सड़कों की सफाई के दौरान धूल उड़ने पर प्राधिकरण ने 2 कंपनियों पर 1-1 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। दोनों कंपनियों को नोटिस जारी कर 3 दिन में जवाब देने को कहा गया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। जुमार्ने की रकम कंपनियों के आने वाले बिलों से काटी जाएगी।

सोशल मीडिया पर मिली थी शिकायत

प्राधिकरण के सीईओ डॉ. बलकार सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने यह कार्रवाई की। सोशल मीडिया पर शिकायत मिली थी कि सड़क की सफाई के दौरान पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है। मशीनों से सफाई के दौरान पीछे धूल उड़ती रहती है।

स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि 18 नवंबर को मैसर्स एंटनी वेस्ट हैंडलिंग सेल लिमिटेड और मैसर्स यदुवंशी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी किए गए हैं। दोनों कंपनियां शहर में ट्रक माउंटेड मैकेनिकल स्वीपिंग मशीनों से सड़कों की सफाई और उनके रखरखाव का काम करती हैं।प्राधिकरण के मुताबिक, एनजीटी, सीपीसीबी और यूपीपीसीबी के निदेर्शों के तहत सड़कों की सफाई से पहले पानी का छिड़काव करना जरूरी है।

जबरन खेत जोतने से मना करने पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

खुटार (शाहजहांपुर)। गांव मैनिया निवासी चरन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले कश्मीर सिंह, प्रेमा सिंह, सुरविंदर सिंह, जसवीर व सीमा कौर उसके भाई देशराज का खेत ट्रैक्टर से जबरन जोत रहे थे। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे उसके बड़े भाई रोशन सिंह ने खेत जोतने से मना किया। सभी आरोपी गाली गलौज करने लगे। मना करने पर सभी ने एकजुट होकर रोशन सिंह के साथ मारपीट की। और लोहे की रॉड उसके सिर पर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार्तिक पूर्णिमा पर निकलेगी 2100 फुट लंबी चुनरी अर्पण यात्रा, 22 किलोमीटर का सफर तय कर पहुंचेगी पीतांबरा घाट

चमारी गांव से शुरू होगी धार्मिक यात्रा, कालपी में जगह-जगह पुष्पवर्षा से होगा स्वागत; यमुना मैया को अर्पित की जाएगी 700 मीटर लंबी चुनरी

अमन लेखनी समाचार

कालपी (जालौन)। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर 24 नवंबर को 2100 फुट लंबी चुनरी अर्पण यात्रा निकाली जाएगी। चमारी गांव से शुरू होने वाली यह धार्मिक यात्रा करीब 22 किलोमीटर का सफर तय कर कालपी स्थित यमुना नदी के पीतांबरा घाट पहुंचेगी। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा। गुरुवार को मां वनखंडी धाम परिसर में महंत जमुनादास महाराज की मौजूदगी में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम संयोजक अभय द्विवेदी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चमारी गांव के नागरिकों, परिवारजनों, शुभचिंतकों और क्षेत्रीय श्रद्धालुओं के सहयोग से चुनरी अर्पण यात्रा धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। यात्रा चमारी गांव से प्रारंभ होकर आटा, उसरगांव, छौंक और जोल्हपुर मोड़ होते हुए प्रसिद्ध मां वनखंडी धाम पहुंचेगी। इसके बाद कालपी के मुख्य बाजार और टरननगंज मार्ग से होते हुए शोभायात्रा यमुना नदी के पीतांबरा घाट पहुंचेगी।

युवती को ले जाने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

खुटार (शाहजहांपुर) क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने पुलिस को बताया कि उसकी 21 वर्षीय पुत्री को जिला पीलीभीत के थाना बिलसंडा के गांव ईंटगांव निवासी अमन बहला फुसला कर कहीं ले गया है। उसकी पुत्री को ले जाने में अमन के माता पिता का भी हाथ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

भांजे की शादी में शामिल होने आए व्यक्ति के साथ मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

खुटार (शाहजहांपुर)। शाहजहांपुर में छोटी लाइन के पास रहने वाले इसाक ने रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 18 नवंबर को उसके भांजे खुटार के मोहल्ला सरोजनीनगर निवासी जब्बार की बारात नवदिया नवाजपुर गांव गई थी। बारात में बैंड बाजा के साथ बारात लड़की पक्ष के घर जा रही थी। गांव में अपने दरवाजे पर खड़े जमालुद्दीन, रोजली, हसमुद्दीन, आजाद गाली गलौज करने लगे। मना करने पर सभी मिलकर इसाक के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट में इसाक गंभीर रूप से घायल हो गया। और इस दौरान उसके हाथ से सोने की अगूंठी कहीं गिर गई।

गरौठा में सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के लिए पर्याप्त जमीन उपलब्ध - डॉ. अरुण कुमार मिश्रा

खतौनी, नक्शा और वीडियो सहित अधिकारियों को भेजी भूमि की जानकारी, गरौठा में ही विद्यालय निर्माण की मांग तेज

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। गरौठा में प्रस्तावित सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना को लेकर क्षेत्रवासियों की मांग तेज हो गई है। इसी क्रम में नगर पंचायत गरौठा के अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गरौठा में विद्यालय निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है।उन्होंने बताया कि उपलब्ध भूमि के संबंध में उपजिलाधिकारी गरौठा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी झांसी सहित संबंधित उच्चाधिकारियों को खतौनी, नक्शा और वीडियो सहित विस्तृत जानकारी भेजी गई है, ताकि भूमि की वास्तविक स्थिति से अधिकारी अवगत हो सकें।डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय गरौठा में स्थापित होने से नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को आधुनिक एवं बेहतर शिक्षा की सुविधा मिल सकेगी। इसलिए विद्यालय निर्माण के लिए गरौठा में उपलब्ध भूमि पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।वहीं क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब गरौठा में पर्याप्त जमीन उपलब्ध है, तो विद्यालय का निर्माण यहीं कराया जाए, जिससे क्षेत्र के बच्चों को दूर न जाना पड़े। लोगों ने शासन-प्रशासन से भूमि का स्थलीय निरीक्षण कराकर गरौठा में ही विद्यालय निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है। अब सभी की निगाहें शासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों के निर्णय पर टिकी हैं। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि उनकी मांग पर सकारात्मक विचार करते हुए सीएम मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना गरौठा में ही की जाएगी।

रुकुंदीपुर चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दंपति समेत तीन गंभीर रूप से घायल



अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी। जनपद के फरधान थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें दो बाइकों की जोरदार टक्कर में एक दंपति समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। यह घटना बुधवार शाम लगभग साढ़े तीन बजे लखीमपुर-पीलीभीत नेशनल हाइवे मार्ग 730 पर स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, रुकुंदीपुर चौराहे के पास हुई। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम ग्रंट नंबर 3, हिंदुस्तान पुरम कुकरा निवासी महल सिंह पुत्र गुरदेव सिंह अपनी पत्नी के साथ बाइक से लखीमपुर की ओर से आ रहे थे। इसी दौरान चौराहे के पास ग्राम मन्योरा निवासी अरविंद कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद की बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना फरधान पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस व एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल मोतीपुर, ओयल भेजा गया, जहाँ उनका उपचार जारी है।

कुकरा-पहाड़पुर रोड पर मौत के गड्ढों का जाल!

बदहाल सड़क से राहगीर बेहाल, स्कूली बच्चों की जान जोखिम में, कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुई सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



कुकरा, खीरी। कस्बा कुकरा से पहाड़पुर होते हुए अलीगंज के रास्ते जिला मुख्यालय लखीमपुर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क इन दिनों बदहाली के आंसू बहा रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे और बिखरी बजरी राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। हालात ऐसे हैं कि इस मार्ग से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, वहीं वाहनों के टायर पंचर होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण, राहगीर और वाहन चालक जिला मुख्यालय लखीमपुर सहित अन्य स्थानों के लिए आवागमन करते हैं। लेकिन सड़क की जर्जर हालत ने लोगों का सफर मुश्किल कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण की मांग को लेकर कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका।

स्कूली बच्चों का सफर भी बना खतरे का रास्ता

सबसे चिंताजनक स्थिति इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों की है। गुरु नानक इंटर कॉलेज पहाड़पुर और नजर मोहम्मद मेमोरियल स्कूल के सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन इसी रास्ते से स्कूल आते-जाते हैं। गुरु नानक इंटर कॉलेज की बसें भी इसी जर्जर मार्ग से बच्चों को लेकर गुजरती हैं। सड़क पर फैली बजरी और गड्ढों के चलते कभी बसों के टायर पंचर हो जाते हैं तो कभी अन्य तकनीकी परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। नतीजतन बच्चों को स्कूल पहुंचने में देरी होती है और अभिभावकों की चिंता भी बढ़ती जा रही है।

आखिर कब जागेंगे जिम्मेदार?

ग्रामीणों का कहना है कि जब इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं, तो आखिर जिम्मेदार अधिकारी सड़क की दुर्दशा पर कब ध्यान देंगे? लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से पहाड़पुर रोड का शीघ्र निर्माण एवं मरम्मत कराए जाने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले समस्या का समाधान हो सके। अब देखना यह है कि ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या पर जिम्मेदार अधिकारी कब संज्ञान लेते हैं और कब तक इस बदहाल सड़क से लोगों को राहत मिल पाती है।

खबर का असर: हरकत में आया जल जीवन मिशन विभाग, जानलेवा गड्ढे को ढकने के लिए तैयार कराया नया पत्थर



अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी। दैनिक ख़बर दृष्टिकोण समाचार पत्र व एक्स ऐप पर ट्वीट की गई खबर का हुआ असर, लखीमपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सैदापुर सराय में जल जीवन मिशन की खुदाई के बाद सड़क के बीचोंबीच टूटे पड़े स्लैब (पत्थर) की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग हरकत में आया। खबर का संज्ञान लेते हुए विभाग के अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। सराय गांव के मुख्य मार्ग पर बने गहरे गड्ढे और उस पर रखे टूटे पत्थर से हो रही दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए जल जीवन मिशन के अवर अभियंता (जेई) ने मौके की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों के निर्देश पर अब उस खतरनाक गड्ढे को सुरक्षित रूप से ढकने के लिए नया और मजबूत पत्थर बनवाया। गौरतलब है कि इस व्यस्त मार्ग से रोजाना सैकड़ों ग्रामीण, वाहन चालक और स्कूली बच्चे गुजरते हैं। टूटे स्लैब के कारण रात के अंधेरे में बड़े हादसे का खतरा बना हुआ था। विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों ने राहत की सांस ली है।

मरीजों का इलाज करने वाला सीएचसी खुद बीमारियों का बना केंद्र, शौचालय से प्रसव कक्ष तक गंदगी का अंबार

अमन लेखनी समाचार





फूलबेहड़ (खीरी)। एक ओर स्वास्थ्य विभाग लोगों को बीमारियों से बचाने के लिए फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चला रहा है, वहीं दूसरी ओर फूलबेहड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में सफाई व्यवस्था बदहाल है। अस्पताल के शौचालयों में गंदगी का अंबार लगा है, जबकि प्रसव कक्ष में बेड और सीट तक गंदे मिले। ऐसे में इलाज कराने आने वाले मरीजों और प्रसूताओं पर संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। जिस प्रसव कक्ष में महिलाओं को सुरक्षित प्रसव की सुविधा मिलनी चाहिए, वहां सफाई व्यवस्था की बदहाली स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रही है। अस्पताल में फैली गंदगी मरीजों की सेहत के लिए खतरा बन सकती है। सवाल यह है कि यदि गंदगी के कारण किसी मरीज या प्रसूता की तबीयत बिगड़ती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनीष वर्मा ने बताया कि शौचालयों की सफाई कराई जाएगी। पूरे सीएचसी में फिलहाल केवल एक सफाईकर्मी है, जिसे कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। वेतन न मिलने के कारण दो सफाईकर्मी काम छोड़कर जा चुके हैं।

बाघमारा गांव में पशु आरोग्य शिविर आयोजित, 460 पशुओं का हुआ निःशुल्क उपचार

अमन लेखनी समाचार



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। ब्लॉक कुंभी क्षेत्र की ग्राम पंचायत मूड़ा जवाहर के गांव बाघमारा में 19 नवंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि सूरजवली ने गौ पूजन कर किया। इस दौरान डॉ. अंकुर वर्मा ने पशुपालकों को पशु किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) और पशु बीमा योजना की जानकारी दी। वहीं डॉ. बाजपेई ने खुरपका-मुंहपका, गलघोंटू और थनैला जैसी बीमारियों के लक्षण एवं उनसे बचाव के उपाय बताए। साथ ही पशुओं को किलनी से सुरक्षित रखने के बारे में भी जागरूक किया। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गोला डॉ. अमित कात्यान ने लम्पी बीमारी के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी देते हुए पशुओं के उचित रखरखाव पर जोर दिया। उन्होंने पशुओं को पेट के कीड़ों से बचाने के लिए समय-समय पर कृमिनाशक दवा देने की सलाह दी। शिविर में 71 पशुपालकों के कुल 460 गाय, भैंस एवं बकरियों की निःशुल्क जांच और उपचार किया गया। इस दौरान गर्भ परीक्षण, कृमिनाशक दवा पान, बधियाकरण तथा कृत्रिम गभार्धान की सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। इस मौके पर प्रमोद वर्मा पशुधन प्रसार अधिकारी, मनोज कुमार राणा, पशु औषधि वितरक प्रतीक पशु मित्र, अभिषेक वर्मा, दीपक मिश्रा, राहुल तिवारी, आदर्श कुमार, रोहित कुमार और संतोष कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में पशुपालक मौजूद रहे।

नेशनल हाइवे-730 पर ओवरटेकिंग के दौरान भीषण सड़क हादसा



एक ही परिवार के तीन लोग घायल, सीओ गोला ने दिखाई मानवता

अमन लेखनी समाचार

लखीमपुर खीरी। जनपद के लखीमपुर-पीलीभीत नेशनल हाइवे-730 पर रुकुंदीपुर चौराहे के पास स्थित सरदार पटेल कन्या इंटर कॉलेज के नजदीक एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ओवरटेकिंग के दौरान एक तेज रफ्तार बाइक और स्कूटी की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।गोला की तरफ से लखीमपुर की ओर जा रही एक बाइक और स्कूटी के सामने अचानक एक अन्य बाइक सवार ने गलत तरीके से ओवरटेक करने का प्रयास किया। अचानक वाहन सामने आ जाने से चालक संतुलन खो बैठे और वाहनों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई।

घायलों की पहचान

इस दुर्घटना में बाइक सवार एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए हैं। गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र के रहमतनगर मूर्तिया निवासी डॉ. जहीर (34 वर्ष) पुत्र मख्दूम अली, उनकी पत्नी मीना बेगम (33 वर्ष) और 10 वर्षीय बेटी शाजिया खातून के रूप में हुई है।

सीओ गोला ने पेश की मानवता की मिसाल

हादसे के वक्त गोला क्षेत्राधिकारी (सीओ) जितेंद्र सिंह परिहार उसी मार्ग से लखीमपुर की ओर जा रहे थे। सड़क पर भीड़ और लहूलुहान हालत में पड़े घायलों को देख उन्होंने तुरंत अपना काफिला रुकवाया और मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।108 एम्बुलेंस के पहुंचने में हो रही देरी को देखते हुए सीओ ने बिना समय गंवाए एक निजी वाहन रुकवाया और सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी फरधान भिजवाया। सीएचसी फरधान के डॉक्टरों ने डॉ. जहीर की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल (मोतीपुर ओयल) के लिए रेफर कर दिया है, जबकि उनकी पत्नी मीना बेगम और बेटी शाजिया खातून का इलाज सीएचसी फरधान में चल रहा है। पुलिस ने मौके से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में छह बाल वैज्ञानिकों का प्रदेश स्तर के लिए चयन

अमन लेखनी समाचार



लखीमपुर खीरी। 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपद स्तरीय आयोजन गुरु नानक इंटर कॉलेज लखीमपुर में जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र के दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि इंद्रजीत सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनिल कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ वर्ग (14 से 17 वर्ष) के 62 समूहों के 124 तथा जूनियर वर्ग (10 से 14 वर्ष) के 32 समूहों के 64 बाल वैज्ञानिकों ने परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। निर्णायक मंडल में डॉ. बृजेश कुमार शुक्ला, डॉ. सतेंद्र पाल सिंह, विनोद कुमार और सुनील कुमार मिश्र शामिल रहे। वरिष्ठ वर्ग में विशेष बाजपेई, श्रेया यादव, रमन बाजपेई और गोला के शशांक शुक्ला का चयन प्रदेश स्तर के लिए हुआ। जूनियर वर्ग में आकांक्षा वर्मा और विराट प्रताप सिंह ने स्थान बनाया। जिला समन्वयक देवेंद्र सिंह एवं अतिथियों ने चयनित प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच और नवाचार विकसित करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान सभी प्रतिभागियों और मार्गदर्शक शिक्षकों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

गरौठा तहसील में ईवीएम से मतदान का प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम शुरू

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मतदाताओं को समझाई गई मतदान प्रक्रिया

अमन लेखनी समाचार



गरौठा (झांसी)। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2027 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से तहसील परिसर में ईवीएम प्रशिक्षण एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित दर्जनों लोगों ने ईवीएम के माध्यम से मतदान कर प्रक्रिया को समझा। उपजिलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि मतदाताओं को ईवीएम से वोट डालने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। साथ ही यह भी समझाया जा रहा है कि मतदाता जिस प्रत्याशी के चुनाव चिह्न का बटन दबाएंगे, उनका वोट उसी प्रत्याशी को जाएगा। मतदान के बाद वीवीपैट के माध्यम से भी अपने मत का सत्यापन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 नवंबर से शुरू होकर विधानसभा चुनाव की घोषणा होने तक जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक मतदाता मतदान प्रक्रिया से परिचित हो सकें। इस मौके पर तहसीलदार अमृतलाल, तहसील कर्मचारी, मतदाता, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

पोस्टर प्रतियोगिता में खुशी रही अव्वल, पूजा को दूसरा स्थान

प्राथमिक विद्यालय हिमायूंपुर में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

प्रतियोगिता के जरिए बच्चों को दिए डायरिया से बचाव के जरूरी टिप्स

अमन लेखनी समाचार



फिरोजाबाद। नगरीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हिमायूंपुर में शुक्रवार को पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में कक्षा-पांच तक के 35 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें कक्षा-पांच की खुशी ने पहला, कक्षा-पांच की पूजा ने दूसरा और कक्षा-पांच की ही पूनम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा-तीन की अन्नू को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। शिक्षा विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) और केनव्यु के सहयोग से ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को डायरिया की शीघ्र पहचान, बचाव और उपचार के बारे में जरूरी टिप्स दिए गए। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्य रजनी ने बच्चों को सेहतमंद रहने के फायदे और बीमारियों से बचने के जरूरी उपाय भी बताये। उन्होंने कहा कि डायरिया समेत कई अन्य संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रहने के लिए हाथों की स्वच्छता का खास ख्याल रखा जाए, क्योंकि दूषित हाथों से खाना खाने या नाक-आँख को छूने से संक्रामक बीमारियों की चपेट में आने की पूरी आशंका बनी रहती है। हाथों को सही तरीके से धुलने के प्रमुख छह चरणों के बारे में भी बताया गया। इसके अलावा यह भी बताया गया कि खाना बनाने, खाना खाने से पहले और शौच के बाद हाथों को अच्छी तरह से अवश्य धुलें। घर का बना शुद्ध और ताजा भोजन ही ग्रहण करें और स्वच्छ जल ही पियें। पीएसआई इंडिया के राजेश कुमार प्रजापति ने डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य शून्य से पांच साल तक के बच्चों की डायरिया के कारण होने वाली मृत्यु दर को शून्य करना और दस्त प्रबंधन को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि बच्चे को दस्त की शिकायत हो तो तुरन्त ओआरएस का घोल एवं जिंक देना शुरू करना चाहिए क्योंकि ओआरएस शरीर में पानी की कमी को रोकता है। इस मौके पर सहायक अध्यापिका नीलम शर्मा, पिंकी, सुजाता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विमलेश उपाध्याय, पीएसआई इंडिया से कैफुल हसन आदि उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि स्कूली बच्चों में डायरिया के प्रति जागरूकता की अलख जगाने के उद्देश्य से शुरू की गयी इस तरह की प्रतियोगिताएँ अब तक जनपद के कंपोजिट स्कूल शंकरपुर, पीएम श्री विद्यालय जाजपुर, पीएम श्री विद्यालय मद्वाली और कंपोजिट स्कूल उसायनी में आयोजित की जा चुकी हैं।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews @gmail.com



शायद ही कोई ऐसा हो, जो अपने सपनों को पंख देकर ऊंची उड़ान भरना ना चाहता हो। बच्चो, तुम भी चाहते होगे। सफलता का रास्ता मुश्किल नहीं है। इसके लिए सबसे पहले जरूरी है सही आदतें, साथ में मेहनत और आत्मविश्वास। आओ, जानें अपने सपने पूरे करने के लिए, जीवन में सफल होने के लिए हम कौन-सी बातें अमल में लाएं।

ऐसे भरोगे सफलता की उड़ान

सजेशन

शिखर चंद जैन

बच्चो, क्या तुमने कभी किसी छोटे से बीज को एक विशाल पेड़ बनते देखा है? कैसे एक नन्हा-सा बीज सही धूप, पानी और देखभाल पाकर एक दिन विशाल पेड़ बन जाता है, लोगों को शीतल छाया और मीठे फल देता है। ठीक ऐसे ही तुम भी अपनी जिंदगी में वो मुकाम हासिल कर सकते हो, जिससे लोगों का भला हो, साथ ही तुम्हारा नाम रोशन हो, तुम्हारे वो सपने भी पूरे हों, जिन्हें तुमने देखा था। सफलता या तरक्की कोई ऐसी चीज नहीं है, जो अचानक एक दिन में या सिर्फ किस्मत वालों को मिलती है। यह तो एक खूबसूरत सफर है, जिसकी शुरुआत तुम्हारी कुछ अच्छी आदतों से होती है। ये आदतें कौन-सी हैं, बच्चो, तुम भी जानो-

हमेशा बड़ा सोचो

सफलता की पहली सीढ़ी है- बड़ा सोचना। कभी भी यह मत सोचो कि तुम छोटे हो तो कुछ बड़ा नहीं कर सकते। दुनिया के महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था, 'इमेजिनेशन ज्ञान से ज्यादा जरूरी है।' जब तुम कोई अच्छा सपना देखते हो, जैसे डॉक्टर बनना, अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनना या एक अच्छा चित्रकार बनना, तो तुम्हारा दिमाग उस रास्ते पर काम करना शुरू कर देता है। सबसे जरूरी बात यह है कि तुमको खुद पर भरोसा होना चाहिए कि तुम इसे कर सकते हो।

समय को दोस्त बनाओ

हम सभी को इस बात को समझना चाहिए कि समय बहुत मूल्यवान होता है, एक बार चला जाए तो दोबारा कभी लौटकर नहीं आता। जो बच्चे समय की कद्र करते हैं, सफलता खुद उनके पीछे



आती है। खेलने, पढ़ने और सोने का समय तय करो। काम को कल पर टालने की आदत न डालो। यह सफलता की सबसे बड़ी दुश्मन है। बेस्टसेलर किताब 'द 7 हैबिट्स ऑफ हाईली इफेक्टिव पीपल' के लेखक स्टीफन कोवे अपनी किताब में कहते हैं, 'महत्वपूर्ण चीजों को सबसे पहले रखें।'

दूसरों का सम्मान करो



तुम कितने भी बुद्धिमान क्यों न हो जाओ, अगर तुम्हारा व्यवहार दूसरों के प्रति अच्छा नहीं है, तो तुम्हारी सफलता अधूरी है। हमेशा अपने मात-पिता, शिक्षकों और बड़ों का आदर करो। अपने दोस्तों और छोटे भाई-बहनों से प्यार से बात करो। जब तुम किसी की मदद करते हो या किसी को 'थैंक यू' या 'प्लीज' कहते हो, तो तुम उनके चहेते बन जाते हो। अच्छे संस्कार ही एक बच्चे को असली 'स्टार' बनाते हैं।



यानी जो काम सबसे जरूरी है, सबसे पहले पूरा करो, कार्टून देखना या गेम खेलना बाद में भी हो सकता है।

गलतियों से सीखो

कई बार जब हमारे नंबर कम आते हैं या हम किसी खेल में हार जाते हैं, तो हम उदास हो जाते हैं। लेकिन बच्चो, हारना बुरा नहीं है, हारकर बैठ जाना बुरा है। बिजली के बल्ब का आविष्कार करने वाले थॉमस एडिसन हजारों बार असफल हुए थे। जब उनसे पूछा गया कि आप इतनी बार असफल हुए, तो उन्होंने बहुत सुंदर जवाब दिया, 'मैं असफल नहीं हुआ, बल्कि मैंने 10,000 ऐसे तरीके खोज लिए, जो काम नहीं करते।' थॉमस एडिसन का कहना था कि गलतियां हमें यह सिखाती हैं कि अगली बार हमें और बेहतर कैसे करना है?

अनुशासन को सुपर पावर बनाओ

अनुशासन का मतलब यह नहीं है कि तुम हमेशा गंभीर रहो या हंसना-खेलना छोड़ दो। इसका मतलब है कि जो काम जब करना जरूरी है, उसे पूरी ईमानदारी से करो। मशहूर लेखक रॉबिन शर्मा ने अपनी बेस्टसेलर किताब 'द 5 एएम क्लब' में लिखा है, 'सुबह की जीत पूरे दिन की जीत होती है।' यदि तुम सुबह समय पर उठते हो, अपना बिस्तर खुद ठीक करते हो, अपने स्कूल बैग को करीने से सजाते हो, तो तुम अपने भीतर एक अद्भुत ऊर्जा महसूस करोगे। वही छोटे-छोटे अनुशासन भरे आचरण तुमको आगे चलकर बड़ा लीडर बनाते हैं।

सेहत का ध्यान रखो

एक पुरानी कहावत है, 'स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का वास होता है।' अगर तुम बीमार रहोगे, तो न तो खेल पाओगे और न ही पढ़ाई में मन लगेगा। इसलिए चिप्स, पिज्जा और कोल्ड ड्रिंक्स के बजाय हरी सब्जियां, फल और दूध को अपनी डाइट में शामिल करो। मोबाइल स्क्रीन पर गेम खेलने के बजाय बाहर दोस्तों के साथ दौड़-भाग वाले खेल खेलो। इससे तुम्हारा शरीर मजबूत बनेगा और तनाव दूर रहेगा।

एकाग्रता से करो हर काम

आजकल मोबाइल और टीवी के कारण बच्चों का ध्यान बहुत जल्दी भटक जाता है। लेकिन तरक्की के लिए 'फोकस' होना बहुत जरूरी है। जब तुम पढ़ रहे हो, तो केवल पढ़ाई करो। जब खेल रहे हो, तो जी भरकर खेलो। मशहूर लेखक डैनियल गोलमैन ने अपनी किताब 'फोकस' में बताया है कि जो लोग अपनी पूरी ऊर्जा एक ही काम पर लगा देते हैं, उन्हें सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। जैसे सूरज की किरणें जब एक लेंस के जरिए एक जगह पर रोकी जाती हैं, तो वह कागज को जला देती हैं, ठीक वैसे ही तुम्हारी एकाग्रता बड़े से बड़े मुश्किल पाठ को भी आसान बना देती है। *

जानकारी / नयनतारा

अच्छा बच्चो, अगर तुमसे पूछा जाए कि सूरज का रंग कैसा होता है, तो तुममें से ज्यादातर बच्चों का जवाब होगा- पीला, नारंगी या फिर लाल। लेकिन ये सूरज के वास्तविक रंग नहीं हैं। तो फिर क्या है सूरज का वास्तविक रंग और यह हमें बदले हुए रंगों में क्यों दिखता है, जानो।

क्या है सूरज का वास्तविक रंग



बच्चो, दिन के समय जब तुम सूरज को देखते हो तो यह पीला नजर आता है। सुबह सूर्योदय के समय या शाम को जब सूर्यास्त हो रहा होता है, तब यह नारंगी या फिर लाल रंग का दिखता है। तुम जब सूरज की ड्रॉइंग बनाते हो, तब भी तुम उसमें पीला, नारंगी या लाल रंग ही भरते हो, है न! लेकिन क्या यह सूरज का वास्तविक रंग है या सूरज का रंग कुछ और ही है?



सूरज का असली रंग: बच्चो, सूरज के वास्तविक रंग की बात करें तो यह पीला, नारंगी या लाल नहीं बल्कि सफेद होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार सूरज की रोशनी में इंद्रधनुष के सातों रंग मौजूद होते हैं। जब यह सभी रंग एक साथ मिलते हैं, तो हमारी आंखों को सफेद रंग दिखाई देता है। अंतरिक्ष से देखने पर सूरज दूध जैसा चमकीला, एकदम सफेद दिखाई देता है। उसमें पीलेपन की झलक तक नहीं होती।

धरती से क्यों दिखता है पीला, नारंगी या लाल: सूरज का वास्तविक रंग सफेद होता है। लेकिन धरती से जब हम देखते हैं तो सूरज हमें कभी नारंगी, कभी लाल तो कभी पीला दिखाई देता है। पृथ्वी के वायुमंडल की वजह से सूरज हमें अपने वास्तविक रंग से अलग दिखता है। दरअसल, सूरज की किरणें जब हमारे वायुमंडल में प्रवेश करती हैं, तो गैस और धूल के कणों से टकराकर बिखर जाती हैं। इस प्रक्रिया को विज्ञान की भाषा में प्रकीर्णन या स्कैटरिंग कहते हैं। सूरज की रोशनी को पृथ्वी तक पहुंचने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। नीला, बैंगनी, हरा और आसमानी रंगों की वेवलेंथ (तरंग दैर्ध्य) छोटी होती है। लंबी दूरी तय करने करने के दौरान इन रंगों की रोशनियां बिखर जाती है। जबकि पीला, नारंगी और लाल रंग अधिक वेवलेंथ होने के कारण हमारी आंखों तक पहुंचते हैं। इसलिए दिन के अलग-अलग समय में पृथ्वी से दूरी के हिसाब से सूरज हमें कभी पीला, कभी नारंगी तो कभी लाल दिखाई देता है।

एक और बात बच्चो, सूरज के अंदर हाइड्रोजन से हीलियम बनने की परमाणु संलयन (न्यूक्लियर फ्यूजन) प्रक्रिया लगातार ऊर्जा पैदा करती है, जिससे यह इतना चमकीला दिखाई देता है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

रोचक-प्रेरक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए कुछ रोचक-प्रेरक कहानियों की एक किताब 'ओ मेरे पापा' हाल में ही छपकर आई है। इसमें कुल सोलह कहानियां हैं। इनमें से कुछ छोटी तो कुछ थोड़ी बड़ी कहानियां हैं। इनको पढ़ते हुए तुम्हें बिल्कुल यकीन नहीं होगा कि ऐसी खिलंदड़ी भाषा में लिखी गई इन मजेदार कहानियों के लेखक राजा चौरसिया, तुम्हारे दादाजी या नानाजी की उम्र के हैं। पहली कहानी 'एक टेढ़ा वृक्ष' में तुम पढ़ोगे कि श्याम नाम के एक बच्चे के मन में एक टेढ़े वृक्ष को देखकर कैसे आत्मविश्वास जागता है? 'लड्डूराम' कहानी तो ऐसी मजेदार है कि जब तुम इसे पढ़ोगे तो हंसे बिना नहीं रह पाओगे। एक जंगल में रहने वाले सियार, भालू, बाघ और बंदर की रोचक कहानी तुम 'होशियार सियार' में पढ़ सकते हो। नन्हा बच्चा शीतल कैसे अपने पापा के बात-बात पर गुस्सा करने की आदत को छुड़ा देता है, इसे तुम 'ओ मेरे पापा' कहानी में पढ़ सकते हो। इनके अलावा 'एक तालाब का घमंड', 'छोटू की फुल्लका', 'गर्मी की छुट्टी नानी के गांव में' और 'अवसर की चूक' कहानियां भी पढ़ने में मजेदार तो हैं ही, इनसे तुम्हें प्रेरणा भी मिलेगी। *



किताब: ओ मेरे पापा (बाल कहानियां), लेखक: राजा चौरसिया
मूल्य: 125 रुपए, प्रकाशक: पार्थेय प्रकाशन, जबलपुर

हंसगुल्ले



कुणाल बड़े ही ध्यान से चार्ट पर कुछ ढूंढ़ रहा था..
कुणाल: क्या देख रहे हो?
कुणाल: देख रहा हूं कि वह लोग कहां से हैं, देख रहा
-कुणाल, रोहतक

सोनू: सर्दी में आलस बहुत, गर्मी में पसीना, बरसात में बीमार, बसंत में एलर्जी, फिर कब पढ़ें?
मिस्सी: कुछ ऐसी बात बताओ जो कभी न सुनी हो कि पीरियड में भी कुछ देखना भी बाकी है या कुतिया?
-सोनी, रायपुर

जीके क्विज-232

1. टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 200 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज कौन बन गए हैं?
2. भारत का पहला एआई सपोर्ट किस सुविधा को बनाया जाएगा?
3. जारी में ऑपरेशन पवन के सूत्रधार कौन थे?
4. द 'बैड ऑल बैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है?
5. हमारे शरीर के रक्त में कौन-सा घटक पाया जाता है?
6. सूर्य के सबसे निकट का ग्रह कौन-सा है?
7. किस पुरस्कार को 'महिला का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है?
8. इंसुलिन का प्रयोग किस बीमारी के उपचार में होता है?
9. किस का सबसे ठंडा जगह कौन-सा है?
10. सार्क के मुख्य किस राज्य में स्थित है?



बच्चो, जीके क्विज-232 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे।

जीके क्विज-231 का उत्तर : 1.खनौसगढ़, 2.कैप्टन मिस्त मन्धार, 3.एम. खान हैरिसन, 4.लद्दाख, 5.उत्तर प्रदेश, 6.विटामिन के, 7.अकबर, 8.बाल गंगाधर तिलक, 9.मंगल, 10.प्लेटिनम

जीके क्विज-231 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, शुभम-अहरौ, जय लाल-डेमेल से, कुसुम-भोपाल, शुभम-धमतरी, प्रज्ञा-रोहतक, अंचित-दुर्ग, सुमन-कलैया बाजार, कविता-महासमुंद, आलोक-रायपुर, सपना-बिलासपुर

कहानी

क्षमा शर्मा

बच्चो, सिर्फ तुम्हें ही स्कूल से होमवर्क नहीं मिलता, आसमान के चांद को भी मिलता है, पूरे आसमान में चक्कर लगाने का होमवर्क। अंतरिक्ष को मम्मी ने यह बताया था। उसकी कल्पना में चांद की छवि कुछ ऐसी बसी थी कि वह उसका बहुत प्यारा दोस्त बना हुआ था। इस अनोखे दोस्त से अंतरिक्ष की बहुत मजेदार बातें होती थीं। बच्चो, तुम जानोगे तो तुम्हें भी बहुत मजा आएगा।

चांद का होमवर्क



आसमान के चांद से अंतरिक्ष की दोस्ती थी। एक बार जब वह बालकनी में बैठा, अपनी टेबलेट में डाइनोसोर की कहानी डाउनलोड कर रहा था, तभी मम्मी एक कप में उसका दूध लेकर आईं। बालकनी में उसे बैठे देख बोलीं, 'इस चांद को कोई काम-धाम तो है नहीं, जब देखो तब कभी खिड़की से, कभी पर्दों से, हमारे घर में घुस चला आता है।'

अंतरिक्ष ने अपनी मम्मी की बात पर ध्यान नहीं दिया। उसे चुपचाप साधे देख वह बोलीं, 'मुझे पता है, तू दूध न पीने का बहाना खोज रहा होगा। चुपके से पी ले, वरना सारा दूध चांद को पिला दूंगी।' अंतरिक्ष ने दूध का कप पकड़ा और बोला, 'चांद दूध पिएगा तो उसका दूध भी वैसे ही कान पर आ जाएगा, जैसे मेरे आ जाता है। पहले बताओ, चांद के कान कहां हैं? 'कान! अब यह दूध के बीच में कान कहां से आ पहुंचे।' मम्मी चौंकीं।

'तुम कहती हो न कि ज्यादा तेज म्यूजिक सुनूंगा तो मेरे कान गायब हो जाएंगे। अरे हो सकता है कि चांद ने भी तेज म्यूजिक सुना हो और उसके कान गायब हो गए हों।' अंतरिक्ष अपनी आंखें गोल-गोल घुमाकर बोला। मम्मी अंतरिक्ष की बात सुनकर मुस्कराईं। 'यह भी तो हो सकता है कि उसने मेरे दोस्त डाइनोसोर की पीठ पर बैठने की कोशिश की हो और उसने उसके कान चुरा लिए हों।' अंतरिक्ष ने खिलौने डाइनोसोर से भरे अपने कमरे की ओर इशारा करते हुए कहा। मम्मी ने अंतरिक्ष के बाल पर प्यार से चपत मारी, बोलीं, 'हां.. हां, होने को तो क्या नहीं हो सकता। क्या पता, कल तू अपने डाइनो दोस्त की पीठ पर सवार होकर आसमान में चांद का पीछा करने लगे और वह बेचारा बचता फिरे।' अंतरिक्ष ने दूध पी लिया। फिर मां की नजरों से छिपाकर अपने कान छुए। वे वहीं थे। चानी कि अब तक तेज म्यूजिक से गायब नहीं हुए थे। वैसे उसने बहुत दिनों से तेज म्यूजिक सुना भी नहीं था।

मम्मी जाने लगीं, तो फिर उन्हें जैसे कुछ याद आया, उन्होंने टेबलेट झुककर देखा, बोलीं, 'दिखाओ तो तुमने क्या देखा है आज। डाइनो का वो मारामारी वाला कार्टून नहीं देखना, समझे। अच्छा-अच्छा, समझ में आया, कल भी तुमने इसे देखा था। कितना गंदा दिखाया है इसमें। डाइनो अपने ही बच्चे को खा जाता है। मम्मी-पापा भी कहीं अपने बच्चों को खाते हैं.. छि.. छि.. चलो इसे डिलीट करो।'

अंतरिक्ष टेबलेट लेकर इधर-उधर भागने लगा। मम्मी ने उसे पकड़ा और गुस्से से बोलीं, 'अगर बात नहीं मानोगे, तो मैं इस टेबलेट को ही छीन लूंगी तुमसे।'

'जैसे चांद के कान किसी ने छीन लिए!' अंतरिक्ष फिर से अपने कानों को हाथ लगाते हुए बोला। 'हां वैसे ही, और तुम्हारे कान भी गए समझो।' मम्मी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत जवाब में बोला, 'ठीक है मैं नहीं देखूंगा चांद वाला कार्टून, लेकिन एक बार तो तुम कह रही थीं कि चांद तो थाली या प्लेट जैसा है। और एक दिन मुझे उसमें खाना खिलाओगी। तो आज मैं बस चांद वाली प्लेट में ही खाना खाऊंगा।' 'ठीक है, लेकिन एक बात सोची है। उसे टीचर पूरे आसमान में चक्कर लगाने का होमवर्क देती हैं। अगर तुम उसमें खाना खाने लगे और समय पर वह अपना होमवर्क पूरा नहीं कर पाया, तो पता है टीचर से उसे कितनी सजा मिलेगी। क्या तुम उसे टीचर से सजा दिलवाना चाहोगे?' मम्मी ने पूछा।

'नो.. नो.. इट इज माई फ्रेंड।' अंतरिक्ष तुरंत बोला। मम्मी तो चली गईं। अंतरिक्ष चांद को देखने लगा। फिर जैसे उसे सुनाई दिया, 'थैंक्यू..!' वह चौंककर इधर-उधर देखने लगा, किसने थैंक्यू कहा। चांद हंसा, 'अरे मैं हूं, तुम्हारा पुराना वाला फ्रेंड-चांद..!' चांद की बात सुनकर अंतरिक्ष भी जोर से हंसा, 'अगर तुम मेरे फ्रेंड हो, तो आ जाओ न। आओ खेलते हैं। साथ-साथ कार्टून देखेंगे।'

'अऊंगा किसी दिन। कार्टून मुझे भी बहुत अच्छे लगते हैं। मगर आज तो मुझे बहुत काम है।' चांद बोला। अंतरिक्ष बोला, 'हां मुझे पता है। आसमान का चक्कर लगाकर होमवर्क पूरा करना है।' 'मगर तब तक सुबह हो जाएगी। तुम स्कूल चले जाओगे। फिर तो कल रात ही मिलना होगा।' चांद धीरे से बोला। 'लेकिन कल रात तो मुझे अपने दोस्त की बर्थ-डे पार्टी में जाना है। तब हम कैसे मिलेंगे?' अंतरिक्ष सोच में पड़ गया। फिर उसने चांद से कहा, 'तुम मेरी साइकिल ले जाओ। उस पर बैठकर आसमान का चक्कर लगाकर जल्दी से वापस आ जाओ। या मेरे पापा की गाड़ी ले जाओ। उससे तो साइकिल से भी जल्दी चक्कर लगा लोगे। तब तक मैं अपना होमवर्क पूरा कर लेता हूं। फिर हम दोनों मिलकर खेलेंगे। साथ-साथ कार्टून देखेंगे।' 'मगर मेरे प्यारे दोस्त, यह तो टीचर से चीटिंग होगी। उन्होंने तो मुझसे पैदल ही चक्कर लगाने को कहा है। मैं वायदा करता हूं, जिस दिन मुझे होमवर्क नहीं मिलेगा, उस दिन जरूर तुम्हारे साथ खेलूंगा। कार्टून भी देखूंगा तुम मेरे साथ चलना, अपने डाइनोसोर दोस्त को लेकर। हम तीनों वहां खूब धमा-चौकड़ी करेंगे.. प्रॉमिस..!' चांद यह कहते हुए आसमान में गायब हो गया। अंतरिक्ष को उठाकर मम्मी कमरे में ले गईं। पता नहीं वह कब सो गया था। *

कविता

सूर्य कुमार पांडेय



स्मॉग बहुत है

वहा प्रदूषण, इतना भीषण,
कोहरा भरा हुआ है।
गई दिवाली, जली पराली,
चारों ओर धुआं है।

दिन हैं ऐसे, रातें जैसे,
कहां छिप गए सारे?
नहीं दिखाई, देते भाई,
सूरज, चंदा, तारे।

मुश्किल सांसें, सब ही खांसें,
मास्क पहन लो भाई।
स्वा विक्षेरी, ऐसी फैली,
गापो ए.क्यू.आई.।

नीचे-ऊपर, धुंध बराबर,
सय दैया, सय दैया।
स्मॉग बहुत है, फॉग बहुत है,
बचकर रहना भैया।

रंग भरो-215

रंग भरो-215 के लिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से पूजा नाम लड़की उत्तम चित्र हमें प्रकाशित कर रही है। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





भूमि, सूरत



दर्श, दिल्ली



जान्वी, ईमेल से



आरवी, अहमदा



स्वेन, बिलासपुर



दिशा, रायपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृपा-बिलासपुर, प्रियम-रायपुर, पल-कोरबा, पुष्कर-रेवाश, प्रिया-गरियाबंद, नीरज-अहमदाबाद, शिवांश-रायगढ़, खुशी-सिवनी, रवी-जांजगीर, वर्षिका-धरनी, दिशा-दिल्ली, रवीश-पलारी, अंकिता-सूरत, उत्तम-कल्याण, सेजा-बिलासपुर

रंग भरो 216



बच्चो, यहां पेड़ की डाल पकड़कर लटक रहे एक लंगूर का एक सुंदर सा चित्र दिया गया है। हम इस चित्र को अलग-अलग रंगों से रंग कर भेजेंगे। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे।